रोहतक
सोमवार, 1 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 27, अंक : 340
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 13.2
न्यून. 9.0


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

नववर्ष की शुभकामनाएं 2024

**आतिशबाजी के साथ जश्न शुरू, रात के 12 बजते ही डीजे की धुनों पर नाचे लोग**

# सबसे पहले न्यूजीलैंड ने किया स्वागत, प्रदेश में शीतलहर के बीच नए साल का आगाज




## एक-दूसरे को दी नववर्ष की मंगलकामनाएं

**सिडनी।** नए जोश, नई उमंग और नए संकल्पों के साथ नव वर्ष की शुरुआत हो गई है। सबसे पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में नए साल ने दस्तक दी। इसके साथ ही वहां लोगों ने आतिशबाजी कर नए साल का भव्य स्वागत किया। न्यूजीलैंड की सबसे ऊंची संरचना स्काई टॉवर आतिशबाजी से चमक उठा। इसके साथ ही पड़ोसी देश ऑस्ट्रेलिया के सिडनी व हारबर ब्रिज पर लोगों ने मध्य रात्रि आतिशबाजी और लाइट शो का शानदार प्रदर्शन किया। भारत में रात्रि 12 बजते ही लोगों ने डीजे के धुनों पर नए साल का इस्तकबाल किया और एक-दूसरे को बधाइयां दी।

### सर्द हवाएं छुड़ाएंगी कंपकंपी घर में बैठकर मनाएं नव वर्ष

**हिसार।** हरियाणा में नए साल की शुरुआत शीतलहर के बीच हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले सात दिन तक शीतलहर और कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में लोग नए साल का जश्न घर में बैठकर मनाएं। चूंकी सर्द हवाएं कंपकंपी छुड़ाएंगी। अगले दिनों में फसलों पर पाला जमने के आसार बन रहे हैं। रविवार को तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गइ। हालांकि धुंध पिछले दो तीन दिनों की अपेक्षा कुछ कम रही। लेकिन कुछ स्थानों पर ओस फसलों पर देखी गई। मौसम विभाग ने कई जिलों में कोहरे और भीषण ठंड का येलो अलर्ट जारी किया है। 10 घंटे में तीन बार यह अलर्ट जारी किया गया।

**मौसम विभाग ने 42 शहरों में कोहरे का अलर्ट जारी किया**




हकृवि में मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ का कहना है कि एक जनवरी से मौसम खुश्क रहेगा। सुबह के समय धुंध पड़ेगी। 42 शहरों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। 5 जनवरी तक न्यूनतम तापमान 4 से 7 डिग्री तक रहने की संभावना है।

# 2024 में भी विकास की गति बनी रहेगी

**मन की बात**

### मोदी बोले, आत्मनिर्भरता व विकसित भारत संकल्प से भरा देश बना चुका है



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश 'विकसित भारत' और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है तथा इस भावना एवं गति को 2024 में भी बनाए रखना है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 108वीं कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया और 'फिट इंडिया' के लिए कई अनूठे प्रयासों पर प्रकाश डाला। मोदी ने कहा, 'आज भारत का कोना-कोना, आत्मविश्वास से भरा हुआ है। देश विकसित भारत और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है। 2024 में भी हमें इसी भावना और गति को बनाए रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का नवोन्मेष का केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि देश अब रुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा, 'जो देश नवोन्मेष को महत्व नहीं देता, उसका विकास रुक जाता है। भारत का नवोन्मेष का केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं। 2015 में हम वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में 81वें स्थान पर थे। आज हम 40वें स्थान पर हैं।'

(पेज-8 भी देखें )

## नववर्ष पर ऐलान: सीएम मनोहर ने गुरुग्राम में दिया तोहफा

# वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू कर विवादों का होगा समाधान

**50 लाख तक के डिस्प्यूटेड टैक्स का 30% करना होगा भुगतान**

**सीएम बोले, लोगों के सहयोग के लिए विवादों से समाधान योजना शुरू**

**प्रति व्यक्ति टैक्स कलेक्शन में हरियाणा बड़े राज्यों से आगे**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के व्यापारी और कारोबारी वर्ग की जीएसटी लागू होने से पहले करों सम्- बधी अदायगी के मामलों के समाधान की मांग को पूरा करते हुए आबकारी एवं कराधान विभाग के माध्यम से एक मुश्त व्यवस्थापन-2023 (ओटीएस) यानी वन टाइम सेटलमेंट योजना का रविवार को गुरुग्राम से शुभारंभ किया। इस स्कीम के शुरू होने के बाद अब डिस्प्यूटेड टैक्स में अगर 50 लाख रुपये का अमाउंट है तो उसका 30% और अगर 50 लाख से अधिक है तो उसका 50 प्रतिशत तक भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री ने स्कीम की शुरुआत करते हुए कहा कि लोगों के सहयोग के लिए विवादों से समाधान योजना की शुरुआत की गई, जिसके तहत अब तक एक दर्जन से अधिक योजनाओं पर काम होगा।

### चार श्रेणी में मिलेगा लाभ

- **पहली:** स्वीकृत शुल्क श्रेणी में ऐसे शुल्क को शामिल किया है, जिसमें कोई विवाद नहीं है। इसके तहत जुर्माने व ब्याज पर पूरी छूट मिलेगी।
- **दूसरी**: विवादित कर कैटेगरी के तहत 50 लाख से कम की आउटस्टैंडिंग राशि पर 30% व 50 लाख से अधिक राशि की आउटस्टैंडिंग पर 50% राशि का भुगतान करना होगा।
- **तीसरी:** निर्विवादित कर के तहत विभाग द्वारा जो टैक्स बनाया गया है व इसमे करदाता की ओर से कोई अपील नहीं की गई। ऐसी टैक्स आउटस्टैंडिंग में 50 लाख से कम टैक्स राशि पर 40% व 50 लाख से ऊपर राशि होने पर 60% का भुगतान करना होगा। इस श्रेणी में टैक्स पेयर को जुर्माना व ब्याज राशि मे राहत मिलेगी।
- **चौथी:**अन्तरीय कर में टैक्स रेट की अंतर वाली आउटस्टैंडिंग को शामिल किया गया है। इसमें सरकार ने करदाता को राहत प्रदान करते हुए कुल आउटस्टैंडिंग की केवल 30% राशि भुगतान करने की छूट दी है।



- जीएसटी लागू होने से पहले करों की लंबित अदायगी का समाधान होगा
- हिपा के साथ मिलकर खोला जाएगा जीएसटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट
- गुरुग्राम और हिसार में खुलेगी जीएसटी ट्रिब्यूनल की बेंच

### यह भी राहत दी

- इस योजना में आसान किश्त जैसी सुविधा को भी जोड़ा है। करदाता की टैक्स आउटस्टैंडिंग 10 लाख से नीचे है तो उसे पूरी आउटस्टैंडिंग 30 मार्च से पहले एकमुश्त जमा करनी होगी।
- 10 से 25 लाख की टैक्स आउटस्टैंडिंग में दो किश्तों में 50-50 प्रतिशत की किश्तों में बकाया राशि जमा करानी होगी।
- 25 लाख से अधिक आउटस्टैंडिंग होने पर पहले 90 दिन की अवधि में पहली किश्त के रूप में 40 प्रतिशत, अगले 90 दिन में दूसरी किश्त के रूप में 30 प्रतिशत व अगले 90 दिनों में अंतिम किश्त के रूप में 30 प्रतिशत राशि देनी होगी।

**होगी करों की अदायगी**

योजना के तहत पहली जनवरी, 2024 से 30 मार्च, 2024 के तहत जीएसटी लागू होने से पहले सात अलग-अलग कर अधिनियमों से संबंधित मामलों में लंबित करों की अदायगी में ब्याज और जुर्माने में छूट के साथ चार श्रेणी निर्धारित करते हुए करों की अदायगी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरुग्राम के साथ मिलकर एक जीएसटी प्रशिक्षण संस्थान भी खोलने की घोषणा की।

## बड़ी राहत: पुराने रेट पर होगी मकान और प्लॉट की रजिस्ट्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

**एफसीआर का फैसला**

**एफसीआर ने नए रेट का प्रपोजल टाला एक जनवरी से लागू होनी थी नई फीस**

**प्रदेश के लोगों को राहत, एफसीआर ने सभी जिलों में जारी किए निर्देश**

प्रदेश सरकार ने मकान और प्लॉट खरीदने वाले लोगों को बड़ी रहत दी है। सूबे में अभी पुराने रेट पर ही मकान, प्लॉट और दुकान की रजिस्ट्री होगी। इसकी वजह यह है कि नए कलेक्टर रेटों को मौजूदा समय में लागू करने का फैसला वित्तीय आयुक्त राजस्व (एफसीआर) ने स्थगित कर दिया है। एफसीआर के इस फैसले से राज्य के हजारों लोगों को राहत मिली है। हालांकि यह राहत कुछ दिन के लिए ही है। क्योंकि जब तक नए कलेक्टर रेट लागू नहीं होते तब तक लोग पुराने रेटों में ही अपनी जमीन या मकान की रजिस्ट्री करा सकते हैं। नए कलेक्टर रेट लागू होने के बाद से कई कॉमर्शियल व डोमेस्टिक प्रॉपर्टियों के सरकारी रेटों में बढ़ोतरी होगी। यह योजना 1 जनवरी 2024 से लागू होनी थी, लेकिन फिलहाल इसे टाल दिया गया है।

## ये भी प्रसन्नता की बात

### पनगढ़िया बने 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन



सरकार ने नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को 16वें वित्त आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया। एक अधिसूचना में कहा कि वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव ऋत्विक रंजनम पांडेय आयोग के सचिव होंगे। इसमें कहा गया, 'राष्ट्रपति नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पनगढ़िया को चेयरमैन बनाते हुए वित्त आयोग का गठन करके प्रसन्न हैं। आयोग के सदस्यों को अलग से अधिसूचित किया जाएगा। आयोग पांच साल की अवधि (2026-27 से 2030-31) के लिए अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक राष्ट्रपति को सौंपेगा।

### सीबीएसई करेगा छात्रों व अभिभावकों की काउंसलिंग

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को छात्रों और अभिभावकों के लिए 1 जनवरी से साइकोलॉजिकल काउंसलिंग की सुविधा शुरू करने का ऐलान किया है। इससे छात्रों और अभिभावकों को काफी लाभ होगा। सीबीएसई की प्रैक्टिकल और थ्योरी परीक्षाएं 1 जनवरी और 15 फरवरी 2024 को शुरू हो रही हैं। अक्सर देखने में आया है कि परीक्षा से पूर्व छात्रों के मन में परीक्षा का भय रहता है। किस तरह तैयारी करें व टाइम टेबल कैसे बनाएं इसको लेकर अभिभावकों के साथ छात्र भी परेशान रहते हैं। ऐसे में बोर्ड ने परीक्षा से पूर्व साइकोलॉजिकल काउंसिलिंग की तैयारी शुरू कर दी है।

**इसरो की छलांग**

### आज ब्लैक होल का अध्ययन करने वाला उपग्रह होगा प्रक्षेपित

**श्रीहरिकोटा।** इसरो सोमवार को पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) के प्रक्षेपण से नववर्ष का स्वागत करेगा। यह उपग्रह ब्लैक होल जैसी खगोलीय रचनाओं के रहस्य खोलेगा। अक्टूबर में गगनयान परीक्षण यान 'डी1 मिशन' की सफलता के बाद यह प्रक्षेपण किया जा रहा है। इस मिशन का जीवनकाल करीब पांच वर्ष का होगा।

**केंद्र सरकार का फैसला**

### तहरीक-ए-हुर्रियत को सरकार ने किया बैन

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह तहरीक-ए-हुर्रियत (टीईएच) जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के चलते रविवार को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को जारी रखते और भारत विरोधी दुष्प्रचार करते हुए पाया गया।

**अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकी गतिविधियों में शामिल मिला**

**अयोध्या से आई खुशखबरी**

### गर्भगृह में विराजने वाली रामलला की मूर्ति फाइनल

**अयोध्या(भाषा)।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर अयोध्या से एक अच्छी खबर सामने आई है। राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का चयन रविवार को कर लिया गया। सूत्रों की मानें तो कर्नाटक के नीले पत्थर से मूर्तिकार योगीराज ने यह प्रतिमा बनाई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में रामलला की 51 इंच लंबी प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसमें रामलला 5 साल के बाल स्वरूप में होंगे।

**51 इंच की खड़ी प्रतिमा होगी, कर्नाटक के नीले पत्थर से की गई तैयार**

**नव संकल्प** ट्रैवल एजेंट नहीं कर पाएंगे फर्जीवाड़ा, 7 देशों ने 13294 पदों की डिमांड भेजी

*प्रदेश के युवाओं को विदेश में मिलेगी नौकरी, एचकेआरएन ने पद, योग्यता और सैलरी को सार्वजनिक किया*

# एचकेआरएन युवाओं को भेजेगा विदेश, लाइसेंस प्रक्रिया शुरू की

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) ने नववर्ष पर संकल्प लिया है कि अब वह खुद ही युवाओं को विदेश भेजेगा। अभी तक करीब 5,000 से अधिक युवाओं ने इजराइल, दुबई समेत कई स्थानों पर जाने और काम करने की इच्छा जाहिर की है। फिलहाल विदेश सहयोग विभाग युवाओं को हरियाणा और केंद्र की एजेंसी के जरिए भेजेगा। इसके बाद खुद ही विदेश भेजने का लाइसेंस एचकेआरएन। सीएम आफिस के अफसर खुद इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग रहे हैं। एचकेआरएन के सीईओ केएम पांडुरंग ने विदेश भेजने के लिए लाइसेंस लेने की प्रक्रिया की पुष्टि की है। सात देशों ने 13,294 पदों के लिए भारत के युवाओं को मांगा है। एचकेआरएन ने 7 देशों के लिए पद और योग्यता और सैलरी सार्वजनिक कर दी है, ताकि इच्छुक युवा पंजीकरण करा सकें।

### इन देशों ने भेजी डिमांड

- **यूके**: 2,500 हेल्थकेयर, नर्स चाहिए। वेतन 28000 से 29000 पौंड प्रति वर्ष होगा। बीएससी नर्सिंग प्रोग्राम, जीएनएम, अनुभव और आईईएलटीएस पास हों। उम्र 45 साल से कम होनी।
- **इजराइल**: 10,000 कंस्ट्रक्शन वर्कर्स की डिमांड हैं। फ्रेमवर्क, शटरिंग, कारपेंटर, प्लास्टरिंग, सेरामिक टाइल, यरन बेडिंग की जरूरत। वेतन 1,37,000 प्रति माह। 10वीं पास, 3 साल का अनुभव, उम्र 25 से 45 साल होनी चाहिए।
- **फिनलैंड**: 50 हेल्थकेयर चाहिए। वेतन 1.90 लाख प्रति माह।
- **जापान**: 20 रेस्टोरेंट स्टाफ, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर चाहिए। हर माह 2.40 लाख येन मिलेंगे।
- **उज्बेकिस्तान**: 100 स्ट्रक्चर फिटर, फैब्रिकेटर, 100 असिस्टेंट स्ट्रक्चर फिटर, 100 स्ट्रक्चर सुपरवाइजर की जरूरत है ।
- यूएई में 200 हैवी बस ड्राइवर, 95 लाइट बस ड्राइवर, 50 महिलाहाउसकीपिंग अटेंडेंट, 20 महिला क्लीनर, 13 महिला रेजिडेंट टेक्नीशियन चाहिए।

### ठगी रुकेगी

हरियाणा से नौकरी की तलाश में विदेश जाने वाले युवा फिलहाल अवैध तौर पर जा रहे हैं, जिससे उन्हें भेजने वाले ठग रहे हैं। हरियाणा पुलिस ऐसे ठगों पर शिकंजा भी कस रही है, लेकिन अब युवाओं को ठगे जाने की संभावना कम होगी। लाइसेंस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जैसे ही यह लाइसेंस मिल जाएगा, निगम इच्छुक युवाओं को भेजने का काम करेगा और एजेंटों की ठगी पर लगाम लगेगी।



**खबर संक्षेप**



## सिख खेल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जीते पदक

**चंडीगढ़।** सिख खेल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित किए गए 5वें राष्ट्रीय सिख खेल में फेडरेशन ने स्वर्ण, रजत और कांस्य के पदक जीतकर फेडरेशन का नाम रौशन किया। सिख खेल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रितपाल सिंह और सेक्टेरी सतनाम सिंह ने बताया कि उनकी फेडरेशन के बलराज सिंह, हर्षदीप सिंह, अंकुश कुमार, हरमनदीप सिंह और हर्ष शर्मा ने स्वर्ण पदक, बलराज सिंह, कोमलप्रीत कौर, अमनिंदर कौर, विकास गाबा, जसकीरत कौर, समीर डांडयान ने रजत पदक और रमनजीत सिंह दुल्लत, हरमनजीत सिंह, राजवीर सिंह, गुरसिमरन सिंह, राजवंत सिंह ने कांस्य पदक जीतकर अपना और फेडरेशन का नाम चमकाया है।

## चालकों का रोजगार छीनने में जुटी सरकार



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार अंग्रेजी शासन के नक्शेकदम पर चल पड़ी है। हाल ही के लोकसभा सत्र में सरकार ने चालकों के लिए जो कानून बनाया है, वो पूरी तरह से जनविरोधी, चालक विरोधी व चालकों का रोजगार छीनने वाला है। नए कानून के प्रदेश में कई स्थानों पर प्रदर्शन कर रहे चालकों का समर्थन करते हुए मनोज राठी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने दुर्घटनाएं कम करने का हवाला देकर जो कानून बनाया है, वह उचित नहीं है और केवल मात्र वाहन चालकों का गला घोंटने वाला है।

## आठ को पंचकूला में धरना देंगे कर्मचारी

**चंडीगढ़।** विभाग द्वारा मांगों की अनदेखी और उत्पीड़न की कार्रवाई के खिलाफ महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मियों एवं अधिकारियों ने आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। रविवार को ऑनलाइन आयोजित मीटिंग में सर्व सम्मति से 8 जनवरी को विभाग के पंचकूला निदेशालय पर धरना एवं प्रदर्शन किया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन मे आईसीडीएस सुपरवाइजर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन हरियाणा एवं आईसीडीएस आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा से जुड़े कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल होंगे।

## प्रदेश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार : दीपेंद्र

**लाडवा /चंडीगढ़।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने नए साल में हरियाणा में होने वाले बदलाव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नये साल में बीजेपी-जेजेपी सरकार जायेगी और कांग्रेस सरकार आएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आज सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हो रहा है। 2019 के चुनाव में ही लोग बीजेपी को हटाना चाहते थे। लोग इस सरकार से दुखी थे इसलिए 14 में से 12 मंत्रियों को जनता ने हराकर घर भेज दिया। इस बार जनता बदलाव लाएगी।

# संतों से मिलती है व्यवस्थित जीवन जीने की प्रेरणा : सीएम

**मुख्यमंत्री ने वृंदावन स्थित वात्सल्य गांव में पहुंचकर साध्वी ऋतंभरा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

■ बोले- अगले वर्ष दो बार मनाई जाएगी दिवाली, 22 जनवरी को अयोध्या में आएंगे रामलला

मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को वृंदावन में स्थित वात्सल्य गांव में पहुंचे और साध्वी ऋतंभरा को उनके 60वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संत परंपरा अनंत है और संतों के मार्गदर्शन से हमें व्यवस्थित जीवन जीने और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। संतों द्वारा आदिकाल से ही समाज को अच्छे संस्कार दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृंदावन का बृज क्षेत्र भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि है, जहां श्री कृष्ण ने अनेक लीलाएं रची। भगवान कृष्ण ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गीता उपदेश युद्ध के बीच दिया, जिसमें उन्होंने जीवन कैसे जिया जाए और संपूर्ण जीवन का सार भी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय गीता के संदेश के अनुसार ही विश्व को कर्म व शांति के संदेश को आत्मसात करने की आवश्यकता है। भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में गीता उपदेश देते हुए अर्जुन को कर्म करने का संदेश दिया। भगवान कृष्ण ने मानव जाति की भलाई व शांति के लिए युद्ध करने की आवश्यकता के बारे में अर्जुन को बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वात्सल्य गांव में साध्वी ऋतंभरा सेवा का अनूठा कार्य कर रही हैं और मानव जाति को जागृत कर रही हैं। यहां हमें आध्यात्मिकता प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें वर्षों से जिसका इंतजार था, अब वह दिन आने वाला है। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला आने वाले हैं। हम सभी 22 जनवरी को दिवाली मनाएंगे। अगले वर्ष में दो बार दिवाली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को स्वस्थ व दुरुस्त बनाने के लिए सबसे जरूरी है कि नशे जैसी बीमारी को खत्म किया जाए। नशे को खत्म करने के लिए हम सभी को एक अभियान चलाना होगा, नहीं तो मादक पदार्थों के सेवन से हमारी आने वाली पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ेगा ।



**चंडीगढ़।** कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया था, जिसके कारण हरियाणा में अब बेटियों की संख्या 871 से बढ़कर 932 हो गई हैं और हमारा लक्ष्य है कि हम इस आंकड़े को 950 तक लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सभी संतों व आम जनता को वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संतों के साथ तीन पुस्तकों नामतः साध्वी ऋतंभरा व राम जन्मभूमि आंदोलन, नर से नारायण व वात्सल्य मूर्ति का विमोचन भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण, परमानंद गिरि महाराज, अनंत देव महाराज, जगत प्रकाश त्यागी महाराज सहित अन्य संत गण, नेतागण व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आज चिकित्सकों से वार्ता करेंगे स्वास्थ्य मंत्री विज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़



■ दोपहर बाद हरियाणा सचिवालय में बैठक

■ मांगों को लेकर हड़ताल कर चुके

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन पदाधिकारियों और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज, आला अफसरों के बीच सोमवार को बैठक होगी। हरियाणा सचिवालय के आठवें फ्लोर पर सेहत मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में बैठक होगी। जिसमें हरियाणा स्वास्थ्य महानिदेशक और आला अफसर हिस्सा लेंगे। यहां पर उल्लेखनीय है कि हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन की ओर से उनकी सुनवाई नहीं होने के कारण 27 दिसंबर को एक दिवसीय हड़ताल की गई थी। जिसके बाद में 29 दिसंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन छेड़ने की तैयारी की थी। लेकिन डीजी हेल्थ के साथ वार्ता के बाद में मांगों को लेकर हरियाणा के स्वास्थ्य और गृह मंत्री अनिल विज से मुलाकात कराने और मांगों को लेकर हल निकालने के आश्वासन पर डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल को टाल दिया था। सोमवार को शाम तीन बजे हरियाणा सचिवालय मंत्री विज की अध्यक्षता में बैठक रख दी गई है। जिसमें सेहत विभाग की एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव) के अलावा डीजी हेल्थ, डीजी-2 सभी अधिकारी हिस्सा लेंगे। दूसरी ओर, एचसीएमएस की ओर से प्रधान डा. राजेश ख्यालिया, महासचिव डा. अनिल यादव रेवाडी, वरिष्ठ उपप्रधान केशव शर्मा. उप प्रधान वीरेंद्र ढांडा, डा. दीपक गोयल ट्रेजरार, संयुक्त सचिव मानसिंह, मीडिया कोऑर्डिनेटर डाक्टर अमरजीत चौहान, डा. मनोज अन्य हिस्सा लेंगे। वहीं नागरिक अस्पतालों में डीजी से वार्ता और सोमवार को होने वाली मंत्री के साथ में बैठक के फैसले के बाद में अनिश्चितकालीन हड़ताल को टाल दिया गया है। वार्ता को लेकर डॉक्टर भी पूरी उम्मीद में हैं, जिनका कहना है कि सेहत मंत्री द्वारा हमेशा ही उनका साथ दिया गया है।

## श्रमिकों को आवेदन अस्वीकृत होने की जानकारी एसएमएस से मिलेगी

**चंडीगढ़।** श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन ने कहा कि राज्य के श्रमिकों और कामगारों के कल्याण हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके अंतर्गत हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड और हरियाणा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत श्रमिकों को दी जा रही कल्याणकारी योजनओं के आवेदन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक नई प्रणाली लागू की हैउन्होंने बताया कि नई सूचना प्रणाली का आरंभ हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड और हरियाणा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के लाभार्थियों के लिए पूर्ण जानकारी को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों का आवेदन अस्वीकृत होने का स्पष्टीकरण मिलेगा, अब आवेदन अस्वीकार होने पर श्रमिकों को एसएमएस के माध्यम से अस्वीकृति का स्पष्ट कारण बताया जाएगा।

प्रधान सचिव ने बताया कि श्रमिकों को यह भी सूचित किया जाएगा कि क्या दस्तावेज़ में किसी प्रकार की कमी है या कोई जानकारी अधूरी है, तो दस्तावेजों में होने वाली गलतियों की जानकारी दी जाएगी। इस पहल से श्रमिकों को उनके आवेदन में सुधार करने में सहायता मिलेगी।

## घर-द्वार पर हो रहा लोगों की समस्याओं का समाधान

### विकसित भारत संकल्प यात्रा हो रही कारगर साबित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

■ मंत्री, विधायक व अधिकारी मौके पर ही लोगों की समस्याओं का करा रहे समाधान

विकसित भारत संकल्प यात्रा हरियाणा के गांव-गांव तक पहुंच रही है। यात्रा का लोग जोरदार स्वागत कर रहे हैं। साथ में वे अपनी समस्याएं भी बता रहे हैं। मौके पर ही अधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान भी कर रहे हैं। जिससे लोग खुश हैं। यात्रा के दौरान मिलने वाली शिकायतों की मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वे समय-समय जिला उपायुक्तों की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दे रहे हैं कि लोगों की समस्या जल्द समाधान कराएं। लोगों को पहले समस्याओं के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय पर जाना पड़ता था, अब उन्हीं के घर द्वार पर उनकी समस्याओं का निदान हो रहा है।

#### समय व धन की बचत

इससे लोगों के समय व धन की बचत हो रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाना है, इसी उद्देश्य को पूरा करने के मकसद से पूरे भारत में 16 से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' निकाली जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को और अधिक सार्थक बनाते हुए जन संवाद कार्यक्रम भी यात्रा के साथ जोड़ दिया है, जिसमें लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी मिल रही है।

इसके साथ-साथ उस क्षेत्र की समस्याओं का भी पता लगाकर उनका निराकरण किया जा रहा है। यात्रा के दौरान लोग स्वास्थ्य जांच का भी लाभ उठा रहे हैं। लोगों को निरोगी हरियाणा, आयुष्मान भारत, चिरायु हरियाणा व टीबी मुक्त भारत योजना की जानकारी व टेस्ट घर द्वार पर उपलब्ध हो रहे हैं। यात्रा के दौरान 5 लाख 50 हजार लोग स्वास्थ्य की जांच करवा चुके हैं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स के ट्रायल आज से पंचकूला में

**पंचकूला।** छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 हेतु हॉकी, कबड्डी, फुटबॉल तथा वॉलीबॉल खिलाड़ियों का ट्रॉयल के आधार पर 1 से 4 जनवरी ताऊ देवीलाल स्टेडियम में चयन किया जायेगा। जिला खेल अधिकारी नीलकमल ने बताया कि 6वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2023 (26 खेलों में) का आयोजन 19 से 31 जनवरी-2024 तक तमिलनाडु के चार शहर चेन्नई, कोयंबटूर, मुदरई तथा त्रीची में करवाया जा रहा है। जिसके लिए 1 से 4 जनवरी तक खेलों में ट्रायल के आधार पर चयन किया जाना है। इनमे हॉकी, कबड्डी, फुटबॉल तथा वॉलीबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल के आधार पर चयन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि 1 जनवरी को पुरुषों की वॉलीबॉल और हॉकी टीम का चयन किया जाएगा। इसी प्रकार 2 जनवरी महिला हॉकी, वॉलीबॉल तथा फुटबॉल टीमों के चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी को पुरुष कबड्डी और 4 जनवरी महिला कबड्डी की टीमों का चयन किया जाएगा।

## महिला चिकित्सक ने 11वीं मंजिल से छलांग लगाई

**चंडीगढ़।** पंचकूला में महिला डॉक्टर ने 11वीं मंजिल से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पति के मुताबिक वह डिप्रेशन में थीं और अक्टूबर माह में परिवार नए घर में शिफ्ट हुआ था। पंचकूला हरियाणा सेक्टर-20 इलाके में (सनसिटी परिक्रमा सोसायटी) की 11वीं मंजिल से कूद महिला डॉक्टर ने जान दे दी। मृतक की पहचान पूनम अग्रवाल 35 सेक्टर-20 निवासी के तौर पर हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सेक्टर छह मोर्चरी में रखवा दिया था। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम ने पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। महिला के पति अंशुल अग्रवाल मुंबई में कस्टम विभाग में कार्यरत हैं। उनकी पत्नी प्राइवेट अस्पताल में एनेस्थीसिया की डॉक्टर थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे अक्टूबर माह में सेक्टर-20 सनसिटी परिक्रमा सोसायटी में शिफ्ट हुए थे। सोसाइटी की 11वीं मंजिल पर रह रहे थे, उनका डेढ़ साल का बच्चा भी है।

उनकी पत्नी कुछ समय से डिप्रेशन में थी। वाकया शनिवार की शाम को वह बाथरूम गई और अंदर से कुंडी बंद कर दी। उसके बाद बाथरूम की खिड़की से नीचे कूद गई।

# सरकार के प्रति समाज के हर वर्ग में असंतोष : सुशील गुप्ता



**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को वर्ष के अंतिम दिन सरकार की वर्ष भर की नाकामियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर लाल सरकार 2023 में हर मोर्चे पर विफल रही। प्रदेश के युवा यहां वर्ष के अंत तक रोजगार के लिए भटकते रहे। वहीं प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं भी खस्ता रही। किसानों की आय दुगनी की बजाय कर्जा तिगुना हो गया। महिलाओं के प्रति अपराधों ने पिछले सालों के रिकॉर्ड तोड दिए। वहीं बिजली बिल के आंकड़ों ने आम जनता की कमर तोड़ दी। स्कूलों और कॉलेजों में हजारों शिक्षकों के पद खाली रहे। गांव के मुखियाओं की शक्ति छीन ली गई। नगर निगम चुनावों के लिए खट्टर सरकार बैकफुट पर रही। सफाई कर्मचारियों समेत विभिन्न वर्गों की कोई सुनवाई नहीं हुई। नूंह हिंसा से प्रदेश का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश हुई, वहीं बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे के लिए किसान वर्ष भर इंतजार में रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 1.82 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। इसके बावजूद प्रदेश के युवा दर दर भटकने को मजबूर हैं। युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने की बजाय सीएम 10,000 युवाओं को इजरायल भेज कर युद्ध की आग में झोंकना चाहते हैं।

सरकार युवाओं को रोजगार देने में नाकाम साबित हुई है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ग्रुप डी की भर्ती का आठ महीने के बाद भी रिजल्ट नहीं निकला। एचपीएससी और एचएसएससी की परिक्षाएं विवादों में रहीं।

# रामलला के दर्शन को प्रदेश में उत्साह

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

देश ही नहीं बल्कि विश्व का तीर्थ स्थल बन चुके अयोध्या में रामलीला के दर्शन करने की होड़ इन दिनों ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के श्रद्धालुओं में लगी हुई है। इस क्रम में हरियाणावासीभी पीछे नहीं है। यह भी पहला मौका होगा जब विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा बनाए गए लक्ष्य से ज्यादा श्रद्धालु खुद बा खुद अयोध्या पहुंचने की तैयारी में है। रामलला के दर्शन करने की चाहत हरियाणा से भी बड़ी संख्या में लोगों के दिलों में है। हर जिले और हर गांव से हरियाणा के बुजुर्ग और युवा जाने की तैयारी में खासतौर पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह और उसके ठीक बाद तक की बुकिंग बड़ी संख्या में हैं। अपने साधनों से भी अयोध्या जाने वालों की संख्या अच्छी खासी है।

## अयोध्या में श्री राम मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

### 22 को जाएंगे बुजुर्ग

सूबे के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने भी बुजुर्गों को 22 जनवरी के बाद में दर्शन कराने के लिए ले जाया जाएगा। बुजुर्गों को तीर्थयात्रा के तहत ही यह यात्रा कराई जा सकती, राज्य सरकार की ओर से इसके लिए तैयारी कर ली गई है। तीर्थ दर्शन योजना के तहत दर्शन कराने की तैयारी कर, जिलेवार और ग्रामीण क्षेत्रों से ले जाने की तैयारी है। अधिकारियों द्वारा इसकी रणनीति तैयार कर ली गई है, ताकि सहज और अच्छे माहौल में बुजुर्ग प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन कर सकें। अयोध्या में रामलला के दर्शनों को लेकर राज्य में हिंदू संगठनों द्वारा भी मुहिम चलाई गई है। पहला मौका है, जब लक्ष्य से ज्यादा और खुद की श्रद्धा के कारण लोग वहां पर पहुंचकर शीश नवाने की तैयारी में हैं। विहिप और संघ के अलावा भी संगठन, समाज सेवी इस दिशा में नवंबर माह से जुटे हुए हैं। इस संबंध में आनलाइन बैठकों में जाने का कार्यक्रम और रणनीति तैयार की गई है। संगठनों द्वारा प्रदेश, जिलों और उपमंडल, गांव तक सभी को जोड़कर जाने के कार्यक्रमों पर चर्चा के बाद में अंतिम रूप दिया गया। धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं भी अयोध्या जाने के लिए आगे आईं हैं। लोगों के उत्साह और उमंग को देखते हुए राज्यसरकार की ओर से बुजुर्गो को ले जाने की व्यवस्था की जा रही है।

भारत सरकार | pfrda | अटल पेंशन योजना

साठ के बाद गरिमामय जीवन के लिए
6 करोड़ से अधिक
अभिदाता अटल पेंशन योजना में पंजीकृत हो चुके हैं



''हमारी सरकार तीन पहलुओं पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है, बैंक रहित को बैंक की सुविधा प्रदान करना, फण्ड से वंचित लोगों को फण्ड उपलब्ध कराना एवं असुरक्षित को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना। हमारा प्रयास है कि देश के सभी नागरिक एक खुशहाल और मर्यादापूर्ण जीवन व्यतीत करें''
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार



आप भी एपीवाई से जुड़ें और आजीवन गारंटीड पेंशन सहित दो अन्य लाभ भी उठाएं

1 1000/- या 2000/- या 3000/- या 4000/- अथवा 5000/- रुपये प्रति माह तक आजीवन पेंशन की गारंटी
2 अभिदाता की मृत्यु के बाद पति या पत्नी को आजीवन समान पेंशन
3 पति/पत्नी की मृत्यु के पश्चात नामिति को 60 वर्ष की आयु तक संचित पेंशन राशि की वापसी


अगर आपकी उम्र 18 से 40 साल के बीच है तो आप अटल पेंशन योजना से जुड़ सकते हैं।

| आज ही जुड़ें, भुगतान कम करें | आयु | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 1000 | 42 प्रति माह | 5000 | 210 प्रति माह |
| | 40 | 1000 | 291 प्रति माह | 5000 | 1454 प्रति माह |

एपीवाई पर अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

आज ही अपने नजदीकी डाकघर/बैंक में संपर्क करें या 1800 110 069 पर कॉल करें या www.pfrda.org.in पर जाएं।

CBC 15113/15/0002/2324



हरियाणा सरकार

# नव वर्ष 2024

## की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



"हरियाणा एक हरियाणवी एक" के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए प्रदेश का समान विकास हमारी प्राथमिकता रही है और इन्हीं दो मूल-मंत्रों के आधार पर हम प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए कटिबद्ध हैं।"
– मनोहर लाल

## योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया
## हरियाणा में अब हर वर्ग मुस्कुराया

"केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।"
– नरेन्द्र मोदी

## कुछ नई पहलें

- **दयालु योजना**- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों के परिजनों को किसी सदस्य की मृत्यु होने पर **₹5 लाख तक आर्थिक सहायता**
- **मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना**- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों के 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए
- **संशोधित मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना**- व्यापारी व कारोबारियों को ₹20 लाख तक नुकसान की भरपाई
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को **निःशुल्क 28,500 स्मार्टफोन** वितरित
- **पी.एम श्री स्कूल योजना**-प्रदेश में 124 पी.एम श्री स्कूलों की शुरुआत
- अन्त्योदय परिवारों की आय बढ़ाने के लिए हरियाणा **आय-वृद्धि बोर्ड का शुभारम्भ**
- **हरियाणा अन्त्योदय परिवार परिवहन योजना**- ₹1 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को राज्य परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा
- **मुख्यमंत्री अन्त्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना**-दुग्ध उत्पादक अन्त्योदय परिवारों के लिए
- **गुरु - शिष्य कौशल सम्मान योजना**-शिल्पकारों, कारीगरों व श्रमिकों की कौशल क्षमता को प्रमाणित करना
- **मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना**-शहरों में बेघर लोगों को आवास सुविधा देना
- **प्राण वायु देवता स्कीम**-पुराने वृक्षों की देखभाल हेतु 3819 वृक्षों के अभिरक्षकों को **₹2750 प्रति वृक्ष वितरित**
- **सांझा डेयरी योजना**-गांवों में पंचायती भूमि पर सांझी डेयरी खोलने की शुरुआत
- **One Time Settlement स्कीम**-2023 - व्यापारियों व कारोबारियों के कर बकायों के समाधान हेतु
- विधुरों व अविवाहितों को **₹2750 मासिक पेंशन**
- महिलाओं के लिए **33 प्रतिशत राशन डिपो आरक्षित**
- हरियाणा पुलिस को मिला **राष्ट्रपति निशान**
- नशा-मुक्ति अभियान के तहत 1 से 25 सितम्बर तक **साइकिल रैली आयोजित**
- सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य के नाम पर **डाक टिकट जारी**
- नगर निगमों के महापौर व नगर परिषदों/ पालिकाओं के अध्यक्ष पदों में पिछड़ा वर्ग 'क' को 8% आरक्षण
- रोहतक में देश के पहले एलिवेटिड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन
- वर्ष 2023 में 14 टोल टैक्स बैरियर हटाये













## सुशासन ही आधार
## डबल इंजन हरियाणा सरकार

## अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- ₹1.80 लाख तक वार्षिक आय वाले 42 लाख परिवारों का **घर बैठे बी.पी.एल. राशन कार्ड**
- **आयुष्मान-चिरायु योजना**- ₹3 लाख तक वार्षिक आय वाले परिवारों सहित 1.10 करोड़ लाभार्थियों को सालाना ₹5 लाख के इलाज की सुविधा
- सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन जनवरी, 2024 से **बढ़कर ₹3000 मासिक**
- **परिवार पहचान पत्र**- Pro-Active Mode पर दिव्यांग पेंशन, बुढ़ापा पेंशन व ओ.बी.सी. प्रमाण-पत्र की शुरुआत
- **शहरों में 1198 अनियमित कालोनियों को किया नियमित**
- गन्ने का भाव ₹372 से बढ़ाकर **₹386 प्रति क्विंटल**
- क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से बाढ़ नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को **₹112 करोड़ का मुआवजा जारी**
- पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को **₹138 करोड़ की प्रोत्साहन राशि** जारी
- आशा वर्कर्स का मानदेय ₹4,000 से **बढ़ाकर ₹6,100 मासिक** किया
- ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए **ऑनलाइन स्थानांतरण पोर्टल**
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक पारिश्रमिक **बढ़ाकर ₹14,000 तक किया**
- मातृभाषा सत्याग्रहियों, आपातकालीन पीड़ितों व उनकी विधवाओं तथा पत्रकारों की **मासिक पेंशन बढ़ाकर ₹15,000 की**
- औद्योगिक श्रमिकों के बच्चों की छात्रवृत्ति राशि ₹5,000 से **बढ़ाकर ₹16,000 तक की**
- महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन खरीदने हेतु **₹4,500 की राशि**
- औद्योगिक श्रमिकों को साइकिल खरीदने हेतु **₹5,000 की राशि**
- पुलिस कर्मियों के भत्तों में अढाई गुणा बढ़ोतरी
- एशियन गेम्स-2022 में **हरियाणा के खिलाड़ियों ने 30 पदक जीते**
- हरियाणा में शत-प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण
- अम्बाला में प्रदेश के **दूसरे हवाई अड्डे का शिलान्यास**
- कैथल व यमुनानगर में **2 नये सरकारी मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन**
- राशन डिपो धारकों का कमीशन **₹1.50 से बढ़ाकर ₹2 किया**
- सरपंच का मानदेय बढ़ाकर **₹5000 व पंच का ₹1600 मासिक** किया
- पालिकाओं के मेयर, प्रधान व सदस्यों के मानदेय **बढ़ाकर किए ₹30,000 मासिक** तक

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### सिरसाः युवक अफीम सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली बाईपास पर गांव खैरेकां के समीप से एक युवक को 105 ग्राम अफीम सहित काबू किया है। सदर थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली बाईपास पर गांव खैरेकां के समीप मौजूद थी। दुकान के पास खड़े युवक ने पुलिस की गाड़ी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास किया। पुलिस ने काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 105 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### शेयर में पैसे लगाने के नाम पर 9.57 लाख ठगे

**कैथल।** बीमा पालिसी के पैसे शेयर मार्केट में लगाने के नाम पर एक अध्यापिका से 9.57 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। गांव चंदलाना निवासी पिंकी देवी की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना में केस दर्ज किया गया है।

### ट्राले की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**पानीपत।** पानीपत की जीटी रोड पर तेज रफ्तार ट्राला ने बाइक सवार आजाद निवासी गांव सिवाह जिला पानीपत को कुचल दिया। हादसा उस वक्त हुआ, जब आजाद काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था। आजाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आरोपी ट्राला ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### महिला से दो महिलाओं ने जेवरात ठगे

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 एरिया में दो महिलाओं द्वारा बातों में उलझाकर एक महिला से जेवरात ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता राजस्थान से अपने भाई से मिलने आई गुरुग्राम आई थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

### फैक्ट्री से 50 लाख रुपये की एल्यूमीनियम चोरी

**यमुनानगर।** शहर के मानकपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित डायमंड कुकवेयर इंडस्ट्रीज फैक्ट्री से एक साल के अंदर करीब 50 लाख रुपये की एल्यूमीनियम चोरी हो गई। फैक्ट्री संचालक ने जब सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो चौकीदार रात को अपने दो साथियों के साथ एल्युमीनियम चोरी करता मिला। पुलिस ने फैक्टरी मालिक की शिकायत पर आरोपी चौकीदार को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली रोड जगाधरी निवासी असीम गोयल ने पुलिस को दी शिकायत दर्ज कराई।

## यमुनानगर: मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के आवास का करने जा रहे थे घेराव

# अतिथि अध्यापकों को पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके खदेड़ा

- लाठी फटकारने के दौरान कई अतिथि अध्यापक हुए घायल
- पुलिस अधिकारी लाठी चार्ज पर कुछ बोलने से बच रहे हैं





**यमुनानगर।** जगाधरी अनाज मंडी में हल्का बल प्रयोग कर अतिथि अध्यापकों को खदेड़ती पुलिस व लाठी चार्ज में घायल हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शास्त्री को अस्पताल में ले जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**लाठी चार्ज नहीं**

गेस्ट टीचर अनाजमंडी में एकत्र हुए थे। पुलिस ने उन्हे समझाया और रोकने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने। एक व्यक्ति को चोट आई है। फिलहाल वह मामले की जांच कर रहे हैं। मामले में लाठी चार्ज नहीं किया गया है।

-**गंगाराम पुनिया**, पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

लंबे समय से स्थाई करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे अतिथि अध्यापको पर रविवार को जगाधरी अनाज मंडी में प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने हल्का बल कर उन्हे खदेड़ दिया। इस दौरान लाठी लगने से अथिति अध्यापक संघ का परदेश अध्यक्ष राजेंद्र शास्त्री को गंभीर चोटे आई हैं। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।
रविवार को परदेश भर के सैकड़ों अथिति अध्यापक अपनी मांगो को लेकर जगाधरी अनाजमंडी में इकट्ठे हुए। यहां से प्रदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा मंत्री निवास पर जाना था, लेकिन अनाजमंडी में ही भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने उन्हें समझाया, लेकिन वह नारेबाजी करने लग गए। पुलिस ने अतिथि अध्यापकों को बल प्रयोग किया, उसके बाद अतिथि अध्यापक भाग खड़े हुए। वहीं लाठी चार्ज में कुछ अध्यापक घायल भी हो गए जिन्हें शहर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस अधिकारी लाठी चार्ज पर कुछ बोलने से बच रहे हैं। अतिथि अध्यापकों प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र शास्त्री घायल हुए हैं।

### 18 साल से अस्थाई नौकरी

अध्यापकों ने बताया कि वह शांतिपूर्ण तरीके से अपना प्रदर्शन कर रहे थे। वह पिछले 18 साल अस्थाई नौकरी कर रहे हैं। उनकी मांग है कि उन्हें स्थाई किया जाये। वह इसी मांग को लेकर शिक्षा मंत्री से मिलना चाहते थे इसलिए वह अनाजमंडी में इकट्ठे हुए थे। पुलिस ने तानाशाही रवैया अपनाया है। उनके प्रदेशाध्यक्ष के साथ धक्कामुक्की और लाठी चार्ज किया। वह बुरी तरह से घायल हैं, जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अध्यापकों का आरोप है कि महिला अध्यापकों पर भी लाठी चार्ज किया गया है, जो सरासर गलत है। इस लाठी चार्ज में कई अध्यापक घायल हुए हैं। सरकार ने जो तानाशही रवैया अपनाया है यह सही नहीं है, जिसकी वह घोर निन्दा करते हैं। उन्हें नववर्ष पर लाठी चार्ज कर तोहफा दिया गया है। वह केवल शिक्षा मंत्री से यही बात कहना चाह रहे थे कि उन्हें सीएम से मिलवाया जाए।

## निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से मालिक और ठेकेदार की मौत

- 4 लोग मलबे में दबे, एक मजदूर की हालत गंभीर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

थाना आदर्श नगर अन्तर्गत मलेरना रोड स्थित हरि विहार में वर्कशॉप के ऊपर कमरे की छत का लेंटर गिरने से मालिक सहित राजमस्त्रिी की मौत हो गई। वहीं एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया दिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद पहुंच गए। जानकारी के अनुसार मलेरना रोड स्थित हरि विहार में वर्कशॉप मालिक लखनपाल की जेके ऑटो इंडस्ट्रीज नामक से वर्कशॉप है। उस वर्कशॉप के ऊपर मालिक द्वारा कमरों का नर्मिाण किया जा रहा था। रविवार की दोपहर दो बजे 6 श्रमिक सहित मालिक छत पर मौजूद थे। कमरे की छत डाली जा रही थी। गाटर पत्थर के ऊपर मट्टिी व अन्य मालवा डाला हुआ था। उस समय काम को रोक कर लेटर के नीचे अलाव को जलाकर हाथ सेक रहे थे। तभी गाटर झुक गया और छत नीचे गिर गई।

### जमानत पर जेल से बाहर आए युवक ने 4 साथियों के साथ मिलकर व्यक्ति पर किया फायर

**यमुनानगर।** जमानत पर जेल से बाहर आए युवक ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर गांव ससौली निवासी राजन पर फायर किया। गनीमत यह रही कि गोली उसे नहीं लगी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी को नामजद करते हुए चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजन वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को चार बजे करियाने के सामान लेने के लिए बाजार आया था। इस दौरान ईशांत शर्मा उर्फ ईशू ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी गाड़ी को रोकने का प्रयास किया और उसके साथ गाली गलौच की। इसके बाद वह सामान लेने के लिए राज कुमार पंसारी की दुकान पर आ गया। आरोपी उसकी गाड़ी का पीछा करते हुए वहां भी आ गए और फायर कर दिया।

### कनाडा में रहने वाला रिश्तेदार बता लगाया 6.39 लाख का चूना

- पुलिस ने दर्ज किया अज्ञात लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जींद।** विदेश में बैठा दूर का रिश्तेदार बता एक व्यक्ति को 6.39 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बेलरखां निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत नौ अक्टूबर को उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कनाडा में रहने वाला रिश्तेदार बताया। साथ ही उसके खाते में राशि भेजने के बारे में बताया। राशि एजेंट को उसकी मां के इलाज के लिए देने का कहा। कुछ समय के बाद एजेंट का फोन आया और खाता नंबर देते हुए राशि भेजने के बारे में कहा। जिस पर उसने 2.40 लाख रुपये खाते में भेज दिए। दस अक्टूबर को फिर से तीन लाख रुपये भेजे गए। उसके बाद वीजा रद्द करने की धमकी देकर 99 हजार रुपये ओर डलवा लिए। जिसके बाद उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। साइबर पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**बहादुरगढ़।** मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## कैंटर और कार की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

- केएमपी एक्सप्रेस वे पर बुपनिया के पास दर्दनाक हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस वे पर गांव बुपनिया के पास बीती देर रात को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक कार और कैंटर की टक्कर हो गई। इस हादसे में गाड़ी चालक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है।
इधर, बादली पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय अमन के रूप में हुई है। जबकि घायल सुमित और सतेंद्र हुए हैं। अमन सोनीपत के विकास नगर का रहने वाला था। वहीं सुमित गांव नाहरी तथ सतेंद्र गढ़ शाहजहां पुर का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, ये तीनों दोस्त अपने साथी संदीप देशवल और संदीप देशवाल के साथ नई स्कार्पियो खरीदने 29 दिसंबर को एटा (यूपी) गए थे। वहां रात को रुके और 30 तारीख को इन्होंने गाड़ी खरीद ली। फिर सुमित गहलोत और संदीप गाड़ी लेकर वहां से सोनीपत के लिए निकल दिए। जबकि ये तीनों आगरा में ताजमहल देखने चले गए। वहां घूमने-फिरने के बाद शनिवार की रात को घर की ओर रवाना हुए। रात करीब दो बजे ये केएमपी पर बुपनिया के नजदीक कैंटर से इनकी गाड़ी टकरा गई। हादसा में तीनों को गंभीर चोट आई। राहगीरों ने संभाला और इनको बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया।

### पिकअप पलटने से बचा तो तेज रफ्तार बस ने कुचला, हेल्पर की मौत

- मोबाइल की लाइट से वाहनों को इंडीकेशन देते समय हादसा

**गुरुग्राम।** मानेसर थाना एरिया में तेज रफ्तार बस ने एक पिकअप के हैल्पर को कुचल दिया। हैल्पर पिकअप के पलटने के बाद पिकअप से निकलकर वाहन के साथ होकर मोबाइल की लाइट से वाहनों को इंडीकेशन दे रहे थे। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात बस चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के औरैया निवासी सतीश कुमार ने कहा कि वह राजस्थान के भिवाड़ी में परिवार सहित रहता है। वह वहां एक कंपनी में सुपरवाईजर है। उसका छोटा भाई गोबिंद एक पिकअप पर हैल्पर था। जिसको बिहार के मुंगेर मूल का अनुराग चलाता है। शनिवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे गोबिंद और अनुराग पिकअप के साथ भिवाड़ी से चले। करीब साढ़े पांच बजे वे मानेसर एरिया में पहुंचे तो उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गोबिंद और अनुराग जैसे-तैसे गाड़ी से बाहर निकले।

## सोनीपत: कार्यालय में फंदे पर लटका मिला कनिष्ठ अभियंता का शव

### पीडब्ल्यूडी की बागवानी शाखा के कार्यालय में कार्यरत था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सेक्टर-14 स्थित पीडब्ल्यूडी की बागवानी शाखा के कार्यालय में कनिष्ठ अभियंता का शव फंदे पर लटका मिला है। कार्यालय के गार्ड ने शव को फंदे पर लटका देख पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची सेक्टर-27 थाना पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी के साथ ही कॉल डिटेल भी खंगाली जाएगी। गांव मुरथल निवासी अश्विनी (52) पीडब्ल्यूडी की बागवानी शाखा के कार्यालय में कनिष्ठ अभियंता के पद पर नियुक्त थे। उनकी ड्यूटी विभाग के सेक्टर-14 स्थित कार्यालय में थी। वह शनिवार देर शाम कार में सवार होकर ड्यूटी पर आए थे। रविवार सुबह करीब 11 बजे सुरक्षा गार्ड ने उनका शव फंदे पर लटका दिखाई दिया। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। मामले से उच्च अधिकारियों व परिजनों को जानकारी दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचे और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

**दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

गांव मुरथल निवासी अश्विनी के पास एक बेटी व एक बेटा है। दोनों पढ़ाई कर रहे हैं। परिजनों का रोकर बुरा हाल है। अश्विनी के चार भाई है। जिनमें एक पुलिस विभाग में कार्यरत हैं।

## एसी के लिए खिड़की लगाने से परेशान युवक ने जहर खाया

- मृतक के चाचा-चाची व बेट के खिलाफ किया आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव ताहरपुर खुर्द में चार फीट की गली में एसी के लिए खिड़की लगाने से परेशान होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने मृतक के चाचा, चाची व उसके लड़के पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव पंजेटो निवासी गुरनाम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन सुखविंद्र कौर की शादी गांव ताहरपुर खुर्द निवासी बलदेव सिंह के साथ हुई थी। 2012 में उसके बहनोई बलदेव की मौत हो गई थी। उसकी बहन के पास इकलौता लड़का कुलबीर था। उसके बहनोई बलदेव व उसके भाई बलजीत पर बंटबारे में पीछे का हिस्सा आया था। आरोपी साहब सिंह पर गली का हिस्सा आया था। बहनोई बलदेव व बलजीत के घर जाने के लिए चार फीट का रास्ता छोड़ा हुआ था। इस दौरान साहब सिंह, उसकी पत्नी सुदेश व उसका लड़का सौरव चार फीट की गली में एसी लगाने के लिए दीवार तोड़ रहे थे। कुलबीर ने उन्हें ऐसा करने से रोका। जिसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखे हुए थे।

## मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सहित 33 आईएएस पदोन्नत

### मुख्य सचिव ग्रेड में आए वी उमाशंकर, सरकार ने जारी किए आदेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव वी उमाशंकर सहित 33 आईएएस अधिकारियों को पदोन्नत किया है। 1993 बैच के आईएएस उमाशंकर को मुख्य सचिव ग्रेड (वेतन मैट्रिक्स में स्तर 17) पर पदोन्नत किया गया है। सरकार ने इसी बैच के तीन अन्य आईएएस अधिकारियों को इसी ग्रेड में प्रोफार्मा पदोन्नति दी है। इनमें दीप्ति उमाशंकर, सुकृति लिखी और नीरजा शेखर के नाम शामिल हैं और ये तीनों ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। अपने कैडर से बाहर काम करने वाले अधिकारियों को प्रोफार्मा प्रमोशन दिया जाता है। हरियाणा सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। 2008 बैच के तीन आईएएस अधिकारियों अंशज सिंह, राजीव रतन और रिपुदमन सिंह ढिल्लों को सुपर-टाइम स्केल (वेतन मैट्रिक्स में लेवल 14) दिया गया है। इसी बैच के एक अन्य अधिकारी निखिल गजराज को प्रोफार्मा प्रमोशन (वेतन मैट्रिक्स में लेवल 14) दिया गया है। 2011 बैच के दस आईएएस अधिकारियों, आदित्य दहिया, अमित खत्री, मुकुल कुमार, नरेश कुमार, अंजू चौधरी, महावीर कौशिक, यशपाल, यशेंद्र सिंह, नरहरि सिंह बांगर और प्रदीप कुमार को चयन ग्रेड (स्तर 13) दिया गया है। सरकार ने एक ही बैच के दो आईएएस अधिकारियों विनय प्रताप सिंह और विजय कुमार
सिद्दप्पा भाविकट्टी को एक ही ग्रेड में प्रोफार्मा प्रमोशन दिया है। इसी प्रकार, 2015 बैच के सात आईएएस राहुल हुडा, मोहम्मद इमरान रजा, प्रशांत पंवार, प्रीति, उत्तम सिंह, नेहा सिंह और शांतनु शर्मा को जूनियर प्रशासनिक ग्रेड (वेतन मैट्रिक्स में स्तर 12) में पदोन्नत किया गया है। वहीं, 2020 बैच के छह आईएएस अधिकारियों प्रदीप सिंह, दीपक बाबूलाल करवा, पंकज, सी
जयशारदा, हर्षिक कुमार और राहुल मोदी को वरिष्ठ समय वेतनमान (वेतन मैट्रिक्स में स्तर 11) दिया गया है

### वेश्यावृत्ति के आरोप में सात लोग काबू

**जींद ।** पुलिस ने नरवाना के हरियल चौक पर बने एवन होटल पर छापेमारी कर वेश्यावृति का भंडाफोड़ करते हुए तीन महिलाओं समेत सात लोगों को काबू किया है। पकड़े गए सातों आरोपितों के खिलाफ वेश्यावृति निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नरवाना के हरियल चौक पर बने ए वन होटल में बाहर से लड़कियां लाकर वेश्यावृत्ति करवाई जाती है। जिसके आधार पर इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया। टीम ने फर्जी ग्राहक बना कर होटल के संचालक अशोक के पास भेजा था।

### दबंगों ने घर में घुसकर महिला को दी जान से मारने की धमकी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-14 एरिया में दबंगों द्वारा घर में घुसकर महिला व उसके पड़ोसी को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने पहले मकान की सारी फ्लोर बेच दी और अब जबरन खाली करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

**Lost & Found**

I, have lost my Original Property Paper Registry No.10823/1 Dated 07/02/2014 of Plot No. 67/1, Shiv Colony, Rohtak Sadar, Rohtak, Haryana-124001. Finder please contact **Shamsher Singh S/o Chudu Ram** # 9416832417.

**जॉब**

☛ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5381




**बाएँ से दाए-**

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5380 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5391

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5390 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# वर्ष 2024 : भारतीय खिलाड़ी दुनियाभर में फहराएंगे तिरंगा

## क्रिकेट में इतिहास रचेंगे खिलाड़ी

### इंग्लैंड का भारत दौरा

- 5 मैचों की टेस्ट सीरीज (25 जनवरी-11 मार्च)
- मेंस अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप (19 जनवरी-11 फरवरी 2024)
- वुमेंस प्रीमियर लीग (22 फरवी से 17 मार्च 2024)
- आईपीएल 2024 (23 मार्च से शुरू हो सकता है)
- मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 (4-30 जून 2024)
- वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप ( सितंबर-अक्टूबर 2024)

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वर्ष 2024 भारतीय खेल प्रशंसकों के लिए रोमांचक होने वाला है। बैडमिंटन, हॉकी, टेबल टेनिस से लेकर क्रिकेट तक, भारत इस साल कई तरह के खेल आयोजनों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इस साल पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए विभिन्न खेलों में क्वालीफाइंग दौर चलेंगे।

देश के बाहर भी बड़े खेल इवेंट होंगे। 2024 क्रिकेट के लिहाज से अहम रहने वाला है। इस साल पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टी20 वर्ल्ड कप होगा। इतना ही नहीं, ये साल ओलंपिक वाला भी है। 2024 में पेरिस में खेलों के महाकुंभ का आयोजन होगा। इसके अलावा बैटमिंटन, टेनिस, फुटबॉल के भी बड़े टूर्नामेंट खेले जाएंगे।

### टेनिस के इवेंट्स

ऑस्ट्रेलियन ओपन (14-28 जनवरी 2024)
फ्रेंच ओपन (26 मई-9 जून 2024)
विंबलडन (1-14 जुलाई 2024)
यूएस ओपन (26 अगस्त-8 सितंबर 2024)
एटीपी फाइनल्स (10-17 नवंबर 2024)
डब्लूटीए फाइनल्स (3-10 नवंबर 2024)

### हॉकी इवेंट

एफआईएच मेंस हॉकी 5s (24-27 जनवरी 2024)
एफआईएच वुमेंस हॉकी 5s (28-31 जनवरी 2024)
एफआईएच वुमेंस हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर्स (13-19 जनवरी 2024)
एफआईएच ओलंपिक क्वालिफायर्स (13-21 जनवरी 2024)




### बैडमिंटन के टूर्नामेंट

इंडिया ओपन (16-21 जनवरी 2024)
सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट (26 नवंबर-1 दिसंबर 2024)
थॉमस और उबेर कप (27 अप्रैल-5 मई 2024)
BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स (11-15 दिसंबर 2024)

### दूसरे बड़े खेल आयोजन

2024 पेरिस ओलंपिक ( 26 जुलाई-11 अगस्त)
फॉर्मूला-1 2024 (29 फरवरी-9 दिसंबर)
मोटो जीपी 2024 (10 मार्च-17 नवंबर)
टूर डे फ्रांस (29 जून-21 जुलाई 2024)

### क्रिकेट टीम का कार्यक्रम। (पुरुष)

- 1 टेस्ट बनाम साऊथ अफ्रीका (विदेश)
- 3 टी-20 बनाम अफगानिस्तान (घरेलू)
- 5 टेस्ट बनाम इंग्लैंड (घरेलू)
- टी20 वर्ल्ड कप 2024 (विदेश)
- श्रीलंका में 3 टी-20 और 3 वनडे बनाम श्रीलंका (विदेश)
- 2 टेस्ट और 3 टी20 बनाम बांग्लादेश (घरेलू)
- 3 टेस्ट बनाम न्यूजीलैंड (घरेलू)
- 4 टेस्ट बनाम ऑस्ट्रेलिया। (विदेश)

### 2024 में फुटबॉल के टूर्नामेंट

- एएफसी एशियन कप (12 जनवरी-10 फरवरी 2024)
- अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (13 जनवरी-11 फरवरी 2024)
- यूरोपियन फुटबॉल चैंपियनशिप (14 जून-14 जुलाई 2024)
- कोपा अमेरिका 2024 (20 जून-14 जुलाई 2024)
- इंग्लिश प्रीमियर लीग (17 अगस्त-25 मई 2024)
- यूफा चैंपियंस लीग (17 सितंबर-31 मई 2024)

## यूनाइटेड कप : फर्नांडीज की दोहरी जीत

# कनाडा ने चिली और अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन को 2-1 से हराया

एजेंसी ⏭ सिडनी

अमेरिकी ओपन की पूर्व फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज के शानदार प्रदर्शन के दम पर कनाडा ने रविवार को यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की। फर्नांडीज ने डेनिएला सेगुएल को 6-3, 6-2 से हराया। इसके बाद निकोलस जेरी ने स्टीवन डिएज़ को सीधे सेटों में हराकर चिली को ग्रुप बी के इस मुकाबले में बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मिश्रित युगल के निर्णायक मैच में फर्नांडीज और डिएज़ ने सेगुएल और टॉमस बैरियोस वेरा के खिलाफ 7-5, 4-6, 10-8 से जीत हासिल की।

उधर पर्थ में खेले गए ग्रुप सी के मुकाबले में अमेरिका ने शुरू में पिछड़ने के बाद ग्रेट ब्रिटेन को 2-1 से हराया। ब्रिटेन की केटी बोल्टर ने विश्व में पांचवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को एक सेट से पिछड़ने के बाद लगभग तीन घंटे में 5-7, 6-4, 6-4 से हराया। अमेरिका के विश्व में 10वीं रैंकिंग के टेलर फ्रिट्ज़ ने कैमरून नोरी को 7-6 (5), 6-4 से हराकर मुकाबला को बराबरी पर ला दिया। मिश्रित युगल में पेगुला और फ्रिट्ज़ ने बोल्टर और नील स्कूपस्की पर 1-6, 7-6 (4), 10-7 से जीत हासिल करके अमेरिका की जीत सुनिश्चित की।



# अनहत ने जीता स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वाश अंडर-19 का खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत की प्रतिभाशाली युवा अनहत सिह ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एडिनबर्ग में हुए 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में बालिका अंडर-19 खिताब अपने नाम किया। अनहत ने शनिवार को फाइनल में घरेलू प्रबल दावेदार रोबिन मैकअल्पाइन पर 11-6, 11-1, 11-5 से जीत हासिल की। दिल्ली की इस खिलाड़ी के लिए यह शानदार वर्ष रहा जिसमें उन्होंने अंडर-19 और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का दोहरा खिताब जीता तथा एशियाई खेलों और शुरुआती एशियाई मिश्रित युगल चैंपियनशिप दोनों में अभय सिंह के साथ मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। भारत के सुभाशीष चौधरी ने लड़कों के अंडर-15 फाइनल में हमवतन शिवेन अग्रवाल को 5-11, 11-4, 6-11, 11-8, 11-5 से मात दी जबकि श्रेष्ठ अय्यर ने लड़कों के अंडर-13 फाइनल में श्रेयांश जाह को 11-8, 11-8, 3-11, 11-8 से पराजित किया। शीर्ष वरीय भारतीय आद्या बुधिया ने बालिका अंडर-13 फाइनल और शीर्ष वरीय प्रभव बजोरिया ने लड़कों के अंडर-11 फाइनल में जीत हासिल की। दिव्यांशी जैन अंडर-11 वर्ग में उप विजेता रहीं।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्षेत्ररक्षण काफी खराब

**मुंबई।** भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण काफी लचर रहा और इस विभाग में सुधार के लिए काम जारी है। भारतीय महिला टीम को इससे आस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार नौवीं श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

भारत ने शनिवार को यहां क्षेत्ररक्षण में कई गलतियां की और सात कैच छोड़े। इसके बाद बल्लेबाजों के जूझने से टीम को तीन रन से हारकर श्रृंखला गंवानी पड़ी। आस्ट्रेलिया ने भारत में कभी भी वनडे श्रृंखला नहीं गंवाई है।

## बैनक्रॉफ्ट की निगाह वार्नर की जगह पर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने डेविड वार्नर के टेस्ट संन्यास के बाद सलामी बल्लेबाज के लिए अपना दावा पेश करते हुए कहा कि इस स्थान के लिए किसी विशेषज्ञ को ही चुना जाना चाहिए। वार्नर ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के बाद खेल के इस प्रारूप को अलविदा कह देंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह लेने के लिए बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस, मैट रेनशा के अलावा कैमरन ग्रीन को भी दावेदार माना जा रहा है।

## ऋषभ पंत की सफल वापसी की उम्मीद

**दुबई।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन को 2024 में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की सफल वापसी की उम्मीद है जो एक साल पहले हुई कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इससे उबर रहे हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने हुसैन के हवाले से कहा, 'वो बहुत गंभीर दुर्घटना थी। पूरी दुनिया की सांसें थम गयी थीं और उनकी उबरने की प्रक्रिया भी धीमी रही। सोशल मीडिया पर उनके उबरने के बाद शुरूआती कदम और फिर जिम में ट्रेनिंग करते हुए और क्रिकेट खेलते हुए तथा रिकी पोंटिंग के साथ उनकी फोटो देखीं।'






## टी-20 श्रृंखला 1-1 से बराबर

# न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 17 रन से हराया



एजेंसी ⏭ माउंट मोनगानुई

मिशेल सैंटनर और जिम्मी नीशाम के बीच 46 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने रविवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस पद्धति से 17 रन से हरा दिया। इससे बांग्लादेश की न्यूजीलैंड में पहली श्रृंखला जीतने की उम्मीद टूट गई और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर रही।

बांग्लादेश की पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन पर सिमट गई थी। कप्तान नजमुल शांटो 17 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। केवल पांच बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच पाये थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम फिर चरमरा गया और नौवें ओवर में टीम का स्कोर पांच विकेट पर 49 रन था। पर नीशाम (नाबाद 28 रन) और सैंटनर (नाबाद 18 रन) ने मिलकर 15वें ओवर तक न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 95 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद बारिश आ गयी और मैच खत्म हो गया।

न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 14.4 ओवर में 79 रन चाहिए थे और टीम इस स्कोर से आगे थी। बांग्लादेश ने पहला मैच पांच विकेट से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

# सिमरनजीत को पुरुष हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए रविवार को भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें सिमरनजीत सिंह और रजनी इतिमारपु क्रमशः पुरुष और महिला टीम की कमान संभालेंगे।

हॉकी फाइव्स महिला विश्व कप 24 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा जबकि पुरुषों की प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जाएगी। अनुभवी गोलकीपर रजनी की मदद के लिए डिफेंडर महिमा चौधरी उप कप्तान होंगी जबकि मनदीप मोर पुरुष टीम के उप कप्तान होंगे। महिला टीम में बंसारी सोलंकी दूसरी गोलकीपर होंगी जिसमें अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति छत्री डिफेंडर होंगी।

# नडाल ने की कोर्ट पर वापसी गर्मजोशी से हुआ स्वागत

एजेंसी ⏭ ब्रिसबेन

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने करीब एक साल के बाद प्रोफेशनल टेनिस में वापसी की। वे जनवरी 2023 में चोटिल हुए थे और इसके बाद पहली बार रविवार 31 दिसंबर को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में एक्शन में लौटे।

उनको इस डबल्स मैच में हार मिली, लेकिन अच्छी बात ये थी कि जिस चोट (हिप इंजरी) ने उनको एक साल खेल से दूर रखा, उसने कोई परेशानी पैदा नहीं की। वे जल्द ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में नजर आने वाले हैं। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन, जो 14-28 जनवरी को होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी कर रहे हैं, 2023 की शुरुआत में मेलबर्न पार्क में अपने दूसरे दौर में हार के बाद कूल्हे की समस्या से जूझ रहे थे और जून में सर्जरी के बाद उनका साल का सीजन खत्म हो गया था।

नडाल ने अपनी वापसी के लिए रिटायर्ड अनुभवी मार्क लोपेज के साथ अपनी साझेदारी को फिर से शुरू किया, जिनके साथ उन्होंने 2016 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन यह जोड़ी खचाखच भरे पैट राफ्टर एरिना में ऑस्ट्रेलियाई मैक्स परसेल और जॉर्डन थॉम्पसन से 6-4, 6-4 से हार गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

चिंतन

# नए वर्ष में चुनौतियों से पार पाना होगा

भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है, विकसित भारत संकल्प से ओत-प्रोत है। आज जब नव वर्ष शुरू हो रहा है तो ये आत्मविश्वास और संकल्प वर्ष भर दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम की 108वीं कड़ी में कहा है कि देश विकसित भारत व आत्मनिर्भरता की भावना से भरा हुआ है, वर्ष 2024 में भी गति बनाए रखनी है। देश के लिए नव वर्ष खास है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव होने हैं, जिसमें एक तरफ राजग होगा तो दूसरी तरफ इंडि गठबंधन। भाजपा नीत राजग नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पर सवार होकर राम मंदिर, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व व विकास के एजेंडे के साथ मैदान में होगा तो नव गठित इंडि गठबंधन राजग को शिकस्त देने के लक्ष्य के साथ चुनाव में होगा। राष्ट्रीय स्तर पर इंडि गठबंधन की यह पहली परीक्षा होगी। नए वर्ष में राजनीति में बड़ा परिवर्तन दिखाई देगा। भारत अभी सबसे अधिक जीडीपी दर से बढ़ने वाला देश है, नए साल में भी यह स्थिति बनी रहेगी। सड़क, रेल, विमानन, पोर्ट आदि सभी इन्फ्रा क्षेत्र में देश तेजी से नवनिर्माण कर रहा है, नए वर्ष में इन क्षेत्रों में गति बनी रहने की संभावना है। अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में खास कर डिजिटल, इलेक्ट्रिकल, ग्रीन हाइड्रोजन, ऑटो, फार्मा, बायोटेक, नैनोटेक, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर आदि क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम दिखाई देंगे। इसरो नव वर्ष में नया इतिहास रचने जा रहा है। भारत ने बीते वर्ष में वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थतियों का 'निर्णायक' तरीके से सामना किया। बढ़ती मांग, घटती महंगाई, स्थिर ब्याज दर परिदृश्य और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था की चमक बनी रही। दुनिया के विकसित देशों में व्यापक निराशावाद और बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद मार्च तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही। जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जबकि सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। जीडीपी दर में भारत चीन से आगे रहेगा। वर्ष 2023 में प्रौद्योगिकी का विकास अभूतपूर्व रफ्तार से हुआ। भारत ने डेटा गोपनीयता और भंडारण पर नए कानून बनाए। कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर उत्साह के बीच ओपनएआई के चैटजीपीटी की लोकप्रियता और डीपफेक पर भारत की कार्रवाई ने सभी का ध्यान खींचा। भारत ने डिजिटल संप्रभुता पर जोर दिया और सोशल मीडिया तथा बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर सख्ती की। डिजिटल सेक्टर में नए वर्ष में भी भारत की प्रगति दिखाई देगी, खासकर एआई में। भू-राजनीतिक उथल-पुथल से भरे इस वर्ष में, भारत ने जी-20 के सदस्य देशों को प्रमुख वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए एक महत्वाकांक्षी रूपरेखा सर्वसम्मति से अपनाने के वास्ते तैयार करने में अपनी कुशल रणनीति का प्रदर्शन किया। चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये के बीच अपनी रणनीतिक ताकत से भारत ने अपनी ग्लोबल साख बढ़ाई। नए वर्ष में भी भारत वैश्विक परिदृश्य में चमकता सूर्य साबित होगा। इसके साथ ही गरीबी दूर करने, सामाजिक व सांप्रदायिक विभाजन मिटाने, व्यापार घाटा शून्य करने, महंगाई-बेरोजगारी से निपटने, युद्ध व भूराजनीतिक संकट के बीच आपूर्ति तंत्र दुरुस्त रखने की चुनौतियों से नव वर्ष में पार पाना होगा।

नूतन वर्ष विशेष
योगेश कुमार गोयल



# कर्म से लक्ष्य की ओर बढ़ें

हर साल नए वर्ष में प्रवेश करने पर हम कुछ नए संकल्प लेते हैं, कुछ बुराइयों का त्याग करने का प्रण करते हैं, कुछ नई योजनाएं बनाते हैं और इन पर अमल करते हुए जीवन में बदलाव लाने की हमारी कोशिशें भी चंद दिनों तक जारी रहती हैं पर कुछ ही दिनों में हम फिर उसी पुराने ढ़र्रे पर लौट आते हैं। दरअसल हमारी सबसे बड़ी कमी यही होती है कि हम एक ही बार में अपने अंदर सारा बदलाव लाने की चेष्टा करते हैं जबकि जरूरत होती है सारी बातों को धीरे-धीरे अपने जीवन में उतारने और अमल में लाने की। कोई भी नया संकल्प लेने से पहले सबसे जरूरी है कि हम अपने अंदर की कमजोरियों, अपने गुणों-अवगुणों को पहचानकर इनकी समीक्षा करें और अपनी गलतियों, असफलताओं अथवा कमजोरियों के लिए दूसरों पर दोषारोपण करने के बजाय उन्हें एक-एक कर सुधारने का प्रयत्न करें।

जीवन में अपनी गलती स्वीकारना सीखें क्योंकि अपनी गलतियां स्वीकारने से आप आत्मविश्लेषण तो कर ही सकेंगे, इससे आपको कुछ न कुछ नया सीखने को भी मिलेगा और आपका व्यक्तित्व भी निखरेगा। हर व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्य होता है, अतः दूसरों से भी कुछ अच्छी बातें सीखने का प्रयास करें। जिस प्रकार कोई बुरी आदत छूटने में समय लगता है, उसी प्रकार नई आदतें विकसित होने में भी समय लगता है।

जीवन में सफलता प्राप्ति और जीवन में उन्नति के लिए जरूरी है कि हमारे जीवन में पारदर्शिता स्पष्ट झलके। जो कुछ हम कहें, उस पर हम दूसरों को अमल भी करते दिखाई दें। यदि हम दूसरों को उपदेश देते रहें और स्वयं उन बातों पर अमल न करें तो लोग हमें संदेह की नजर से देखेंगे और हमारी बातों का भी उनकी नजरों में कोई महत्व नहीं होगा। यदि हमारे अंदर दूसरों की निन्दा करने की आदत है तो उसे छोड़ने का प्रयास बेहद जरूरी है क्योंकि अपनी इस आदत के कारण भी हम दूसरों की नजरों में गिर सकते हैं। हम स्वयं को दूसरों से किसी भी मामले में कम न समझें। यदि हमारे अंदर आत्मविश्वास है तो हम हर प्रकार की चुनौती का दृढ़ता से सामना कर सकते हैं और उस पर विजय पा सकते हैं। यदि हम धूम्रपान के आदी हैं तो एक ही बार में धूम्रपान का त्याग करने की कोशिश करने के बजाय धूम्रपान की मात्रा में धीरे-धीरे कमी करते जाएं और इस सीमा तक पहुंच जाएं कि धूम्रपान का त्याग करना हमारे लिए कोई मुश्किल काम न रह जाए।

जीवन में सफलता और तरक्की के लिए अनुशासन का बहुत बड़ा महत्व है। आप कितने ही प्रतिभाशाली, परिश्रमी और शक्ति सम्पन्न क्यों न हों, यदि जीवन में अनुशासन नहीं है तो आप सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। दूसरों के प्रति नकारात्मक सोच की प्रवृत्ति का त्याग करें। यदि आपके मन में हर समय दूसरों के बारे में नकारात्मक विचार आते रहेंगे या दूसरों के प्रति ईर्ष्या की भावना आपके मन में रहेगी तो आप हमेशा तनावग्रस्त ही रहेंगे और तनाव आपको विभिन्न प्रकार के रोगों का शिकार बनाकर आपकी उन्नति और सफलता के मार्ग में बाधक बनेगा। यदि आपस में कोई समस्या या गलतफहमी हो तो मिल-बैठकर उसे सुलझाने का प्रयास करें। आज के भौतिकवादी युग में आपसी संबंध औपचारिकता मात्र ही रह गए हैं। आप दूसरों से अपने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए अपनी ओर से हरसंभव पहल करें और विनम्रता तथा वाणी में मिठास को अपने स्वभाव का अहम हिस्सा बनाएं। फिर देखें, आपसी रिश्तों में प्रगाढ़ता आने से आपके मन को कैसा सुकून मिलता है, साथ ही आपके स्वभाव में विनम्रता व वाणी में माधुर्यता आने से आपका व्यक्तित्व भी निखर उठेगा। लक्ष्यहीन मनुष्य का जीवन तो पशु जीवन के ही समान है। कहीं हम भी पशुओं की भांति दिनभर अपनी जीभ के स्वाद और रात को मस्ती में ही तो अपने जीवन के अनमोल पलों को नहीं गंवा रहे हैं। जीवन के सही लक्ष्य के निर्धारण से ही आपका समग्र विकास संभव है। लक्ष्य की श्रेष्ठता ही हमें बुलंदी पर पहुंचा सकती है। इसलिए बीमारी में या दूसरों के सुख-दुख में उनका सहयोग करें और अपने मस्तिष्क से संकुचित विचारों को बाहर करके सकारात्मक सोच विकसित करें। रात को सोने से पूर्व अपने दिनभर के कार्यों का विश्लेषण करते हुए यह जानें कि आपने आज कितना समय व्यर्थ गंवाया है। यदि उस समय में आप कुछ ऐसे रचनात्मक कार्य करें, जिससे दूसरों का भला हो सके तो सोचिए, इससे आपके मन को कितना सुकून मिलेगा। स्वमूल्यांकन करते हुए यह निर्धारित करें कि आपके जीवन का लक्ष्य क्या है? समय का सुनियोजन जीवन में सफलता के लिए बहुत जरूरी है। आलस्य सफलता के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोधक है। अतः आलसी प्रवृत्ति को त्याग दें, स्वावलंबी बनें और अपने काम को दूसरों पर थोपने की चेष्टा न करें। किसी भी कार्य को कल पर टालने के बजाय उसे सही समय पर निपटाने की आदत विकसित करें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्वागतम 2024
अरविंद जयतिलक

# संकल्प सिद्धि का बने नव वर्ष

> यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। हम नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें उसके लिए सिद्धि में जुटें।

नए वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाओं के साथ आइए हम संकल्प लें कि राष्ट्र व समाज निर्माण की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। ऊर्जा और उल्लास के साथ चतुर्दिक खुशहाली, समृद्धि और समरसता का वातावरण रचेंगे। जन-जन के मन में शुभकामनाएं प्रस्फुटित हों ऐसी कामना करेंगे। यह नया वर्ष निराशाओं के भंवर से पार पाने, भविष्य के नए सपने गढ़ने-बुनने और उसे आयाम देने की प्रेरणा व संकल्प की ताकत दे, ऐसी हम कामना करेंगे। क्योंकि यह संकल्प ही जीवन को उत्सवधर्मी और अपराजेय बनाता है। नई ऊंचाइयों को छूने और विफलताओं को विस्मृत करने की ऊर्जा देता है। वैमनस्यता, कटुता, दुर्भावना और हीनता को पीछे ढकेल सहजता, उदारता और नवीनता को आत्मसात कर आगे बढ़ने की ताकत देता है। चैतन्यता से भरपूर संकल्प ही स्वयं के जीवन को समुन्नत बनाने के साथ-साथ समाज व देश की भाषा, संस्कृति, विविधता, सर्वधर्म समभाव और लोकमान्यताओं को संवारने और सहेजने का आत्मबल देता है।

आइए हम समवेत प्रयास के जरिए आशान्वित हों कि यह नया साल भी उत्सवधर्मी भारतीय जनमानस को एक नया संकल्प, नई ऊंचाई और नया विचार देगा। विचारों के इस संकल्प को उर्वरता और मुखरता प्रदान करने के साथ उत्थान व विकास की नई लकीर खिंचेगा। ऐसा इसलिए कि राष्ट्र व समाज के उत्थान में ही स्वयं के उत्थान व विकास के बीज निहित होते हैं। भारतीय जनमानस को इस नए साल में इसी उत्थान व विकास के बीज के प्रकीर्णन का संकल्प लेना होगा। इस बीज के प्रस्फुटन से ही देश में तरक्की का अमृत रस छलकेगा और सौहार्द का वातावरण निर्मित होगा।

तरक्की व सौहार्द के जुड़ाव से ही राष्ट्र व समाज की चेतना मजबूत होगी। नए संकल्पों के जरिए ही मनोकामनाओं की पूर्ति होगी। राष्ट्र का मान और शान बढ़ेगा। कामना करें कि यह नया साल इन्हीं संकल्पों को पूरित करने का एक सात्विक क्षण बनें। इसी क्षण के संकल्पों के जरिए ही भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी और धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव को मिटाया जा सकता है। इसी क्षण में भारत राष्ट्र के सनातन मूल्यों को सहेजा जा सकता है। इसी क्षण में लोककल्याण के मार्ग के विघ्न-बाधाओं को दूर किया जा सकता है। बस संकल्पों को साधने और मूर्त रुप देने की जरुरत है। यह कार्य हम छोटे-छोटे प्रयासों के जरिए कर सकते हैं। बस सिर्फ अपने आसपास सकारात्मक विचारों को प्रसारित करने की जरुरत है। हमारे आसपास अभावग्रस्त लोगों की कमी नहीं है। हम चाहें तो इन्हें मदद पहुंचाकर और जागरूकता के जरिए नए साल का उपहार दे सकते हैं। इस समय भीषण ठंड है। ऐसे हजारों लोग हैं जिनके पास गरम कपड़े नहीं हैं। वे ठंड से ठिठुर रहे हैं। गौर करें तो हर वर्ष ठंड और भूख से हजारों लोग मरते हैं। हम इन्हें कपड़े और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी सुरक्षा और सेवा का व्रत ले सकते हैं। सेवा परमोधर्म है। इसी सेवा भाव से हम स्कूल जाने वाले गरीब बच्चों की मदद कर सकते हैं।



अंतिम हाशिए पर खड़े-पड़े अभावग्रस्त लोगों के होठों पर मुस्कान व मिठास बिखेरती है। हम भी ऐसा कर गांधी जी के रामराज वाले सपने को साकार कर सकते हैं। अच्छी बात है देश की तकरीबन सभी सरकारें इस दिशा में सकारात्मक पहल कर रही हैं। वह रैन बसेरों के जरिए बेघर लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रही है। केंद्र व राज्य सरकारें गरीबों और जरुरतमंदों के कल्याण के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी की चुनौतियों को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। बढ़ती जनसंख्या से निपटने के लिए जन-जन की भागीदारी और सहभागिता बेहद आवश्यक है।

हम हर वर्ष लाखों टन भोजन बर्बाद बर्बाद हकर देते हैं।घर में बचे भोजन को इधर-उधर फेंक देते हैं। अगर हम इसी भोजन को जरुरतमंदों तक पहुंचा दें तो उनका भला हो सकता है। वैसे भी भारत की सनातन संस्कृति और मूल्य-विचार मिलजुलकर रहने और मिल-बांटकर खाने की प्रेरणा देती हैं। हमें उन आजमाए मूल्यों पर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे आसपास हजारों ऐसे लोग हैं जो बीमार और अस्वस्थ हैं। उनके पास धन का अभाव और जागरुकता की कमी है। हम चाहे तो उन्हें आसानी से सहयोग कर अस्पताल पहुंचा सकते हैं। विचार करें तो इस कार्य में देश के लाखों चिकित्सक अहम भूमिका निभा सकते हैं। वे अपने आसपास रहने वाले गरीब लोगों का निःशुल्क इलाज व दवा प्रदान कर उनकी सेवा कर सकते हैं। चिकित्सकों को दूजा भगवान की संज्ञा दी गयी है। लिहाजा उन्हें भगवान जैसा आदर्श विचार का संकल्प लेना चाहिए। इसी तरह देश के वकील, नौकरशाह, सरकारी कर्मचारी और उद्योगपति भी देश को संवारने में अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। देश प्रदूषण की समस्या से कराह रहा है। हर वर्ष लाखों लोग प्रदूषण से जान गंवा रहे हैं। उनकी उम्र कम हो रही है। इस प्रदूषण के लिए कहीं न कहीं हम खुद जिम्मेदार है।

आइए हमलोग संकल्प लें कि इस वर्ष प्रदूषण न कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। प्रदूषण की तरह गंदगी भी एक भीषण समस्या है। गंदगी के कारण विभिन्न किस्म के रोग उत्पन होते हैं। इन रोगों से निपटने के लिए सरकार हर वर्ष हजारों करोड़ रुपए खर्च करती हैं। गंदगी मिटाने के लिए देश में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमलोग नए साल में समूहबद्ध होकर अपने आसपास की गंदगी को साफ करने और वातावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प ले सकते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो बीमारियो पर खर्च होने वाली धनराशि को शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मदों में खर्च किया जा सकता है।

देश में नशाखोरी भी एक भयावह समस्या है। युवाओं में धूम्रपान की प्रवृत्ति बढ़ी हैं। कहा जाता है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस वर्ष युवाओं को संकल्प लेना होगा कि वह शराबखोरी और धुम्रपान का परित्याग करेंगे। गांधी जी ने नशामुक्त भारत का सपना देखा था। उस सपने को देश के युवाओं को पूरा करना चाहिए। भारत एक विविधतापूर्ण बहुधर्मी व संस्कृति संपन्न देश है। लेकिन जब देश में धार्मिक-सांस्कृतिक टकराव होते हैं तो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचती है। हिंसा से हजारों लोगों की जान जाती है। हजारों करोड़ की संपत्ति का सर्वनाश होता है। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि इन हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने के लिए युवाओं का इस्तेमाल होता है। यह ठीक नहीं है। युवा वर्ग ही देश में बदलाव का सबसे बड़ा संवाहक है। देश को बदलने, संवारने और सहेजने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। हम नए वर्ष में भारत राष्ट्र व समाज को एक समृद्ध, शक्ति संपन्न, समरस और महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लें व सिद्धि में जुटें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें। *-अम्मा अमृतानंदमयी देवी*

## भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुख नहीं आएंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सकें। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अपराधियों को सजा देने में हिचकिचाहट क्यों?

अर्जुन अवार्डी विनेश फोगाट और अन्य खिलाड़ियों के साथ बृजभूषण शरण सिंह का क्या व्यवहार है? महिला खिलाड़ियों को उत्पीड़न का शिकार क्यों बनाया जा रहा है? अगर महिला खिलाड़ियों की इज्जत और आबरू दाव पर लगती है, तो जरा सोचिए, क्या भविष्य में खेल के मैदान में कोई महिला उतरेगी? कौन अभिभावक अपने बच्चों को ऐसी जगह भेजेगा जहां उनकी इज्जत नहीं होती। एक तो खिलाड़ियों की ड्रेस ही ऐसी होती है कि अभिभावक दिल पर पत्थर रखकर ही उसे खिलाड़ियों को पहनाते हैं। फिर अपने देश के लिए मैदान में उतरें और वहां रक्षक ही भक्षक बने हुए हैं, तो यह घोर निंदा का विषय है। ये लोग क्यों यहां-वहां महिला खिलाड़ियों को छेड़ते हैं? इस तरह के अपराधियों को सजा देने में सरकार को हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। *-शरद साहू, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### स्वस्थ चिंतन से संकल्प पूर्ति



स्वस्थ चिंतन से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा और इसके लिए स्वस्थ शरीर एवं मस्तिष्क आवश्यक है। शरीर के स्वस्थ रहने पर ही जीवन के सारे कार्य संभव हो पाएंगे। हम शारीरिक रूप से जितना स्वस्थ होंगे, मानसिक रूप से भी मजबूत होंगे। **- योगी आदित्यनाथ, सीएम**

### सद्भाव से मनाएं नव वर्ष



नए साल का जश्न सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता, प्रेम, भाईचारे और दोस्ती की घोषणा के रूप में मनाया जाना चाहिए। आइए हम शांति, खुशी और समानता से भरे बेहतर कल के लिए अपनी आशाएं साझा करें। **-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल**

### आक्रामकता से बचें गिल



मुझे लगता है कि शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामकता से खेल रहा है। जब आप टेस्ट क्रिकेट में खेलते हो तो टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे की तुलना में इसमें थोड़ा अंतर होता है। अपनी आक्रामकता पर लगाम लगाएं। **-सुनील गावस्कर, क्रिकेटर व कमेंटेटर**


### फिट रहने का लें संकल्प



लोगों को फिल्मी सितारों से प्रेरित 'दिखावटी' जीवन जीने पर नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने पर ध्यान देना चाहिए। मैं प्राकृतिक तरीके से फिट रहने के बारे में भावुक हूं। मुझे फैंसी जिम से ज्यादा तैराकी, बैडमिंटन खेलना, सीढ़ियां चढ़ना, 'मुदगर' के साथ व्यायाम करना पसंद है। **-अक्षय कुमार**

## करंट अफेयर

### मेक्सिको और वेनेजुएला में शरणार्थियों की वापसी शुरू



मेक्सिको और वेनेजुएला ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने मेक्सिको में वेनेजुएला के शरणार्थियों को वापस लाने के लिए उड़ानें फिर से शुरू कर दी हैं। यह कदम लोगों को बड़ी संख्या में अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने के लिए उठाया गया है। प्राधिकारियों का कहना है कि हर दिन कम से कम 10,000 शरणार्थी अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर पहुंच रहे हैं ,जिनमें से बड़ी संख्या में लोग शरण पाने के इच्छुक हैं। वापसी उड़ानें शुरू करने का फैसला तब लिया गया जब इस सप्ताह मुख्यत: वेनेजुएला के हजारों लोगों का काफिला दक्षिण मेक्सिको से आगे बढ़ा। लोगों को वापस लाने संबंधी ये उड़ानें अक्टूबर में मेक्सिको में हुई एक शिखर वार्ता के दौरान क्षेत्रीय नेताओं के बीच बने एक समझौते का हिस्सा हैं जिसका मकसद प्रवास का समाधान तलाशना है। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने शुक्रवार को एक उड़ान और शनिवार को दूसरी उड़ान के साथ स्वदेश वापसी शुरू की है। यह 'प्रवास के मुद्दों पर सहयोग मजबूत करने' का प्रयास है। मेक्सिको सरकार ने कहा कि उसने गत 20 जनवरी को भी 110 लोगों के साथ ऐसी ही उड़ान का संचालन किया था।

## ऑफ बीट

### एमआरआई स्कैनर में सावधानी क्यों है जरूरी



विस्कॉन्सिन की एक 57 वर्षीय महिला को हाल ही में चोट लग गई। वह एमआरआई (चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग) स्कैन के लिए अस्पताल गई और छुपे हुए हथियार के साथ मशीन में दाखिल हो गई। मशीन के शक्तिशाली चुंबक के कारण बंदूक चल गई। कई वर्षों के अध्ययन और अनुकूलन के परिणामस्वरूप 1977 में पहला रोगी स्कैन हुआ। हर साल लगभग 9 .5 करोड़ एमआरआई स्कैन किए जाते हैं। यह एक प्रभावी और मूल्यवान निदान उपकरण है, जो रोगियों के लिए अविश्वसनीय रूप से सुरक्षित है जो नैदानिक छवियों में उत्कृष्ट ऊतक रिज़ॉल्यूशन देता है और प्राप्तकर्ता को किसी भी हानिकारक आयनकारी विकिरण के संपर्क में नहीं लाता है। हालांकि यह सुरक्षित है, लेकिन मशीनों से निकलने वाले शोर (इयरप्लग की पेशकश) के बारे में मरीजों की कुछ चिंताएं हैं, जो 100 डेसिबल तक पहुंच सकती हैं। और क्लौस्ट्रफ़ोबिया से पीड़ित कुछ लोग मशीन में लंबे समय तक इसे सहन करने के लिए परेशान होते हैं। एमआरआई जो कुछ भी चित्रित किया जा रहा है उस पर शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र लागू करके काम करता है। ये चुम्बक पृथ्वी से 30,000 अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# घर में विराजेंगे राम लला

**22 जनवरी** को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड पर मूल मुहूर्त

*पिछला साल जहां कई खट्टी मीठी यादों के लिए जाना जाएगा। वहीं नए साल 2024 में भी भारत कई उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार है। सबसे बड़ा और धार्मिक अनुष्ठान तो 22 जनवरी को राम मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ होगा। इसके अलावा भारत अंतरिक्ष से समुद्र तक कई क्षेत्रों में देश दुनिया में गहरी छाप छोड़ने को तैयार है।*



## सुस्वागतम् 2024

# इस साल आकाश से पाताल तक बजेगा भारत का डंका

## अंतरिक्ष में लंबी उड़ान

### इसरो पर टिकी दुनिया की नजर



चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक 'सॉफ्ट लैंडिंग' के बाद इसरो नए साल की शुरूआत एक और अहम लॉन्चिंग के साथ कर रहा है। इस साल मनुष्यों को अंतरिक्ष में भेजना और चंद्रमा की सतह से नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटना भी शामिल है। 'एक्सपोसैट' के प्रक्षेपण के साथ नववर्ष की शुरुआत किए जाने की संभावना है। 'एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट' (एक्सपोसैट) एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और 'ब्लैक होल' की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करेगा। 'आदित्य एल-1' उपग्रह को 6 जनवरी को 'लैंग्रेजियन' बिंदु-1 में स्थापित होगा।

## समुद्र में मंथन

### 6,000 मीटर की गहराई में गोता



गहरे समुद्र में अन्वेषण को आगे बढ़ाने के लिए देश का 'समुद्रयान' के जरिए 'एक्वानॉट्स' (अन्वेषण गोताखोर) को भेजने का कार्यक्रम है। उन्हें पहले मार्च में 500 मीटर की गहराई में भेजा जाएगा और इसके बाद 6,000 मीटर की गहराई तक जाने का लक्ष्य है। समुद्र का तटीय क्षेत्रफल करीब 7500 किलोमीटर में फैला है। डीप शी मिशन के जरिए समुद्र में मौजूद खनिज, धातुओं और अन्य संपदा का पता लगाया जाएगा। समुद्र के दुर्लभ खनिजों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसका अनुमानित बजट 2823.4 करोड़ रुपये है।

## तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

### 6.1 फीसदी की मिलेगी गति



वैश्विक रुझानों और अनुमानों के अनुसार 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि चीन की वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत रहेगी। वहीं दूसरी ओर अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नए साल में आर्थिक वृद्धि दर में या तो गिरावट आ सकती है, या इनमें मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। बेहतर कौशल और संपत्ति से 'लैस' करने से 2024 और उससे आगे भारत अच्छी वृद्धि हासिल कर सकता है।

## मजबूत आधारभूत ढांचा

### सड़कों का बिछेगा जाल



केंद्र सरकार देश के आधारभूत ढांचे को विकसित करने पर लगातार जोर दे रही है। गांवों को शहरों से जोड़ा जा रहा है। परिवहन सुगम बनाने के लिए देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अकेले लद्दाख के लिए 29 सड़क परियोजनाओं के लिए 1170.16 करोड़ आवंटित किए गए हैं। भारत वित्त वर्ष 2023-24 से 2029-30 के बीच बुनियादी ढांचे पर लगभग 143 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगा। समीक्षाधीन अवधि में कुल 36.6 लाख करोड़ रुपये का निवेश हरित परियोजनाओं में होगा।

## लोकसभा चुनाव : दिखेगा मोदी का जलवा



2024 लोकसभा के आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सियासत का खेल चरम पर होगा। केंद्र में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दल लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुट गए हैं। इस बार इंडिया गठबंधन के बैनर तले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी और समेत जनता दल यू समेत 26 से अधिक राजनीतिक दल एकजुट होकर केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार (एनडीए) को चुनौती देने में जुट गए हैं। ऐसे में एक बार फिर मोदी का जादू देखने को मिल सकता है। भाजप को पिछले आम चुनाव से भी ज्यादा सीटे जीतने का भरोसा है। वहीं विपक्ष भी मिलजुल का अपनी नैया पार लगाने की कवायद में जुटा है। वर्ष 2024 में सिर्फ लोकसभा चुनाव ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, हरियाणा और ओडिशा समेत कुल 7 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं।

**हरियाणा:** उत्तर भारत के अहम राज्य हरियाणा की 90 सीटों पर नवंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव होने हैं। हरियाणा में अभी भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी की गठबंधन सरकार है। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने 90 में से 40 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस को 31 सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

**महाराष्ट्र :** वर्तमान में राज्य में भाजपा और शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजीत पवार गुट) की सरकार की है। राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर अक्टूबर के आसपास चुनाव होने की संभावना है। भाजपा ने दावा किया है कि पीएम मोदी की लहर और भाजपा के किए गए कार्यों से वह बहुमत की सरकार बनाएगी।

**ओडिशा :** ओडिशा में बीजू जनता दल की सरकार है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा, क्योंकि नवीन पटनायक की उम्र काफी हो चुकी है।


**आंध्रप्रदेश :** 175 सीटों वाले आंध्र प्रदेश में वर्तमान में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार है। राज्य में 2024 में ही विधानसभा के चुनाव होने प्रस्तावित है।

**सिक्किम :** सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की सरकार है, नए साल में यहां भी चुनाव होंगे। इसके इलावा अरुणाचल प्रदेश में भी विधानसभा के चुनाव होंगे। जम्मू-कश्मीर में भी सरकार चुनाव करवा सकती है।

## अंतरिक्ष में फिल्म प्रोडक्शन स्टूडियो

### दिसंबर 2024

दिसंबर 2024 तक इंटरनेशनल स्पेश स्टेशन के कॉमर्शियल विंग एक्जियोम स्टेशन पर दुनिया का पहला फिल्म प्रोडक्शन स्टूडियो और स्पोर्ट्स अरीना बनेगा। इसे स्पेस एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज कंपनी तैयार कर रही है। स्टूडियो का नाम एसईई-1 होगा। धरती से 250 मील ऊपर अंतिरक्ष में कंटेंट प्रोडयूस, रिकॉर्ड, ब्रॉडकास्ट और लाइव स्ट्रीम कर सकते हैं। यहां फिल्म, टीवी, म्यूजिक और स्पोर्ट्स इवेंट्स आयोजित किए जा सकेंगे। एक साथ कितने दर्शक यहां जा सकेंगे, यह अभी तय नहीं हो पाया है।



### कुपोषण को खत्म करेगी दवा

कुपोषण को ठीक करने के लिए एक कदम समाधान नजदीक ही है। बिल गेट्स फाउंडेशन कुपोषण की दवा के लिए स्टेज-3 ट्रायल कर रहा है। 2024 में इस प्रोबायोटिक के इस्तेमाल के लिए डब्ल्यूएचओ ने मंजूरी दे दी है। इससे कम विकसित देशों को सबसे अधिक फायदा होगा। पूरी दुनिया में पांच साल के कम उम्र के 19.4 करोड़ बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। भारत में ऐसे बच्चों की संख्या करीब 43 लाख है। बच्चों में कुपोषण की मुख्य वजह सही से भोजन का नहीं पचा पाना है। ये दवाई खाने और दूध को पचाने में मदद करेगी।

### 3241 किलोग्राम का सबसे बड़ा स्पेश क्राफ्ट बनेगा

क्लीपर मिशन के लिए बनाया जा रहा स्पेश क्राफ्ट अब तक का सबसे बड़ा स्पेश क्राफ्ट होगा। यह 30 मीटर लंबा और बिना फ्यूल के 3241 किलोग्राम का होगा। पृथ्वी के मुकाबले जूपिटर सूरज से पांच गुना ज्यादा दूर है। इस कारण स्पेशक्राफ्ट पर पॉवर बैकअप के लिए सोलर एरे लगाए जाएंगे। इसमें 24 इंजन होंगे। सोलर एरे के साथ इसकी लंबाई करीब 30 मीटर यानी एक बॉस्केट बॉल कोर्ट जितनी होगी।

## ये भी रहेगा खास

### चर्च में महिला प्रीस्ट



साल 2024 में कैथोलिक नियमों में सुधार किया जाएगा। इसके तहत प्रीस्ट जैसे पदों पर महिलाओं की तैनाती सहित कई अहम फैसले लिए जाएंगे। समलैंगिक विवाह पर भी पोप फ्रांसिस आखिरी फैसला ले सकते हैं। कैनन लॉ में बदलाव किए जा सकते हैं। इसके तहत वे कानून आते है, जिससे कैथोलिक चर्च व्यवस्थित होती हैं।

### गणतंत्र दिवस पर मैक्रों मेहमान



साल 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह में 25 मित्र देशों से आए बच्चे भी परेड का हिस्सा होंगे। वहीं, गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के दस्ते में महिला कैडेटों की संख्या सर्वाधिक होगी। परेड में शामिल हो रहे ये बच्चे युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 2024 गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### पहली रैपिड रेल



दिल्ली और मेरठ के बीच देश की पहली रैपिड रेल (रैपिडेक्स) चलाई जाएगी। इसकी कुल लंबाई 82 किलोमीटर है। हालांकि, पहले फेज (प्रायोरिटी कॉरिडोर) दुहाई से जो साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक का है, 17 किलोमीटर का होगा। इसके इसी साल शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, प्रोजेक्ट 2025 तक बनकर हो जाने का अनुमान है। इस पर ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड से चलेगी।

### सबसे लंबा समुद्री रेलवे पुल



मुंबई हार्बर लिंक रेलवे पुल भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल होगा जो मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ेगा। यह इस साल के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। 22 किलोमीटर लंबे इस पुल पर 18000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके बन जाने के बाद साउथ मुंबई से नवी मुंबई 2 घंटे की बजाय 20 मिनट में पहुंचा जा सकेगा।

### मुंबई में एक और एयरपोर्ट



मुंबई में एक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है। वहां अभी केवल एक ही अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है जहां बहुत भीड़ होती है। इसके बोझ को कम करने के लिए नया हवाई अड्डा बनाया जा रहा है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण पूरा हो गया और यह 2024 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस पर कुल 16700 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## इन चुनौतियों से लड़ना होगा

### महंगाई



*नए साल में बढ़ती महंगाई को लेकर भी सरकार को पर्याप्त कदम उठाने होंगे। पेट्रोल, रसोई गैस की कीमतें आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही है। चुनावी साल होने के कारण अभी महंगाई पर कुछ लगाई लगाई गई है। हालांकि आम चुनाव होने के बाद फिर से महंगाई में तेजी आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।*

### कोरोना



*कोरोना महामारी से निपटना नए साल में चुनौती होगा। कोरोना का नया वायरस जेएन.1 स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा रहा है। भारत में इस वैरियंट के अभी बहुत कम केस आए हैं। हालांकि इसके फैलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।*

### साइबर ठगी



*देश के डिजिटल सिस्टम पर साइबर ठगों की पैनी नजर है। ऐसे में सरकार को अपने बैंकिग सहित अन्य सर्वरों को बचाने के लिए नई रणनीति बनानी होगी। आए दिन हो रहे साइबर हमलों ने हमें सोचने पर मजबूर कर दिया है।*

### ग्लोबल वार्मिंग



*ग्लोबल वार्मिंग दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती है। साल 2023 में भारत सहित अन्य देशों को मिलकर वैश्विक तापमान के स्तर को पाने के लिए जंग लड़नी होगी।*

### प्रदूषण

*देश और दुनिया में बढ़ता प्रदूषण भी समस्या बनता जा रहा है। भारत में कई राज्यों में प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इसको लेकर सरकार को ठोस रणनीति पर काम करना होगा और कोई स्थाई समाधान निकाला ही होगा।*

## सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम फैसले जो बदलेंगे समाज की दशा और दिशा



**इलेक्टोरल बांड योजना :** चुनावी बांड के गड़बड़ी वाले मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है। इस पर भी इसी साल में फैसला आना है। चुनौती चुनावी बांड योजना की संवैधानिक वैधता थी, जिसने राजनीतिक फंडिंग को बेहद अपारदर्शी बना दिया है और मतदाताओं के जानने का अधिकार खत्म कर दिया गया है। यह निर्णय भारत के चुनावी लोकतंत्र के भाग्य के लिए निर्णायक होगा।

**राजनीतिक दलों के मुफ्त के वादे (फ्रीबीज):** राजनीतिक दल लोगों का वोट सुरक्षित करने के लिए मुफ्त बिजली/पानी की आपूर्ति, बेरोजगारों, दिहाड़ी मजदूरों और महिलाओं को मासिक भत्ता के साथ-साथ लैपटॉप, स्मार्टफोन जैसे गैजेट देने का वादा करना फ्रीबीज राजनीति कहलाता है। इस मुद्दे सुप्रीम कोर्ट 2024 में सुनवाई करेगा।

**सीएएए की धारा 60 की संवैधानिकता :** सीएए की धारा 60 की संवैधानिकता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ ने 12 दिसंबर 2023 को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 17 याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट इस पर नए साल में फैसला सुनाएगी।

**ज्ञानवापी विवाद:** ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि इस विवादित ढांचे के नीचे ज्योतिर्लिंग है। यही नहीं ढांचे की दीवारों पर देवी देवताओं के चित्र भी प्रदर्शित है। इलाहाबाद हाईकोर्ट मंदिर पक्ष के मामले को निचली अदालत में सुनवाई के लिए हरी झंडी देते हुए मस्जिद पक्ष की पांच याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इस मामले में मंदिर पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की है। जनवरी 2024 में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई संभव।

**दागी नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध:** दागी या दोषी ठहराए जा चुके नेताओं के संसद या विधानसभा चुनाव लड़ने, राजनीतिक पार्टी बनाने या किसी पार्टी का पदाधिकारी बनने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। केंद्र सरकार ने आजीवन प्रतिबंध लगाने पर विरोध जताया था। आरोपी सांसदों और विधायकों के मामलों की सुनवाई अगले साल 2024 में होने की संभावना है।

## फ्रांस में 100 साल बाद ओलंपिक

### 26 जुलाई से 11 अगस्त

फ्रांस की राजधानी पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन होगा। इससे पहले **1900** और **1924** में फ्रांस में ओलंपिक का आयोजन हुआ था। पेरिस ओलंपिक में **32** खेलों में **306** इवेंट होंगे। पहली बार ब्रेक डांस को भी शामिल किया गया है। ओलंपिक आयोजन में करीब **76** हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### टी-20 वर्ल्ड कप

वेस्टइंडीज और यूएसए की मेजबानी में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों शिकस्त मिली थी। साल 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से जीत की उम्मीद रहेगी। वहीं, बांग्लादेश की मेजबानी में महिला टी-20 वर्ल्ड कप का भी आयोजन किया जाएगा।

### हॉकी वर्ल्ड कप

ओमान के मस्कट में हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। पुरुष टीम की कमान सिमरनजीत और महिला टीम की कप्तानी रजनी इतिमारपु करेंगी। महिला टीम **24** से **27** जनवरी के बीच अपने मुकाबले खेलेगी, जबकि पुरुष अपने अभियान का आगाज **28** जनवरी से करेंगी।

## पीएम ने 'मन की बात' की 108वीं कड़ी को किया संबोधित

# राम मंदिर, अयोध्या संबंधित रचनाएं सब साझा करें: मोदी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ/हाथरस

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 108वीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर को लेकर देश भर में उत्साह का जिक्र करते हुए रविवार को लोगों से आग्रह किया कि वे इससे संबंधित भजन जैसी अपनी रचनाओं को सोशल मीडिया पर हैशटैग 'श्री राम भजन' के साथ साझा करें।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मोदी ने यह भी बताया कि कई अनुभवी कलाकारों और उभरते युवा कलाकारों ने दिल को छू लेने वाले भजनों की रचना की है। उन्होंने कहा, ''अयोध्या में राम मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह और उमंग है। लोग अपनी भावनाओं को कई तरीकों से व्यक्त कर रहे हैं। आपने गौर किया होगा कि पिछले कुछ दिनों के दौरान श्रीराम और अयोध्या पर कई नए गीत और नए भजन रचे गए हैं।'' उन्होंने कहा कि कई लोग नई कविताएं भी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इसमें कई अनुभवी कलाकार हैं। नए उभरते युवा कलाकारों ने भी दिल को छू लेने वाले भजनों की रचना की है।

### खास बातें

- राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' के दिन को घरों में दीपक जलाएं
- 'फिट इंडिया' के लिए कई अनूठे प्रयासों पर प्रकाश डाला
- विश्वनाथन आनंद व अक्षय कुमार ने सेहत का राज बताया

### शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया



मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया और 'फिट इंडिया' के लिए कई अनूठे प्रयासों पर प्रकाश डाला। प्रसारण के दौरान ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और अभिनेता अक्षय कुमार ने बताया कि उनकी अच्छी सेहत का राज क्या है। मोदी ने कहा कि भारत आत्मविश्वास से भरा हुआ है और 'विकसित भारत' और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है।

## सोशल मीडिया पर कुछ गाने-भजन भी साझा किए

### कला जगत में अनूठा अंदाज

मैंने अपने सोशल मीडिया पर कुछ गाने और भजन भी साझा किए हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि कला जगत अपने अनूठे अंदाज में इस ऐतिहासिक क्षण का भागीदार बन रहा है। उन्होंने कहा कि एक बात मेरे दिमाग में आती है। क्या हम सभी ऐसी सभी रचनाओं को एक सामान्य हैशटैग के साथ साझा कर सकते हैं? मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अपनी रचनाओं को सोशल मीडिया पर हैशटैग 'श्री राम भजन' के साथ साझा करें।'' उन्होंने कहा, ''यह संकलन भावनाओं और भक्ति के प्रवाह में बदल जाएगा, जिसमें हर कोई राम के लोकाचार से ओत-प्रोत होगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अयोध्या का दौरा किया था।

### ऑस्कर में भारत की दोहरी जीत

मोदी ने साल 2023 के आखिरी 'मन की बात' संबोधन में फिल्म 'आरआरआर' के गीत 'नाटू नाटू' और वृत्तचित्र लघु फिल्म श्रेणी में 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के लिए इस साल के ऑस्कर में भारत की दोहरी जीत को रेखांकित किया। रेडियो प्रसारण की 108वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया ने भारत की रचनात्मकता को देखा और अपने मनोरंजन उद्योग के माध्यम से पर्यावरण के साथ देश के संबंध को समझा। दोस्तो, जब 'नाटू नाटू' को ऑस्कर मिला तो पूरा देश खुशी से झूम उठा। 'एमएम किरवानी के संगीत वाले और चंद्रबोस द्वारा लिखित तेलुगू गीत 'नाटू नाटू' को 95वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का पुरस्कार मिला तथा एसएस राजामौली की 'आरआरआर' ऑस्कर जीतने वाली पहली भारतीय फीचर फिल्म बन गई।

## खिलखिला कर करें नए साल का स्वागत



आगरा। रविवार को ताज महल के पास एक छत पर बने कैफे में नए साल 2024 का जश्न मनाते पर्यटक।

## सीआरपीएफ के तीन हजार जवान ओडिशा से छत्तीसगढ़ जाएंगे



नई दिल्ली (भाषा)। माओवादियों के अंतिम गढ़ों में उनके खिलाफ अभियान तेज करने की रणनीति के तहत सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 3,000 से अधिक कर्मियों की तीन बटालियन ओडिशा से छत्तीसगढ़ जाएंगी और इतनी ही संख्या में भारत तिब्बत सीमा पुलिस की इकाइयां छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के गढ़ अबूझमाड़ के भीतरी इलाकों में जाएंगी। गृह मंत्री शाह ने हाल ही में कहा था कि भारत वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने के कगार पर है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस लड़ाई को जीतने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अरब सागर, अदन की खाड़ी में निगरानी बढ़ी



नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय नौसेना ने हाल में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं के मद्देनजर अरब सागर और अदन की खाड़ी में अपने निगरानी तंत्र को बढ़ा दिया है। अरब सागर में पोरबंदर तट पर 23 दिसंबर को एक व्यापारिक जहाज पर ड्रोन हमला हुआ था। जहाज के चालक दल में 21 भारतीय शामिल थे। यह घटना उस वक्त हुई थी जब हूती विद्रोहियों ने इजराइल-हमास संघर्ष के बीच लाल सागर में जहाजों पर हमले तेज कर दिए।

## राहुल ने मां के साथ मुरब्बा बनाया बोले- भाजपा वाले चाहें तो मिलेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



साल 2023 के आखिरी दिन राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर संतरे का मुरब्बा (जैम) बनाने का वीडियो शेयर किया है। इसे बनाने में सोनिया गांधी उनकी मदद करती दिख रही हैं। 5 मिनट के इस वीडियो में दोनों को कांच के जार में मुरब्बा भरते देखा जा सकता है। इन जारों पर एक टैग लगा है, जिसमें लिखा है- विद लव, सोनिया एंड राहुल। वीडियो में एक ऐसा मोमेंट भी नजर आता है जब राहुल सोनिया से कहते हैं, अगर भाजपा के लोग चाहें तो उन्हें ये जैम मिल सकता है। इस पर सोनिया मजाक में कहती हैं- वे इसे हम पर वापस फेंक देंगे। वायनाड से सांसद राहुल वीडियो में कहते हैं कि यह उनकी बहन प्रियंका की रेसिपी है। प्रियंका ने ही इस रेसिपी को ढूंढा और उसमें सुधार किया। वे बस इसे बना रहे हैं।

## पीएम की ऐसी निष्ठुरता देख होती पीड़ा : राहुल

नई दिल्ली (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिला पहलवान विनेश फोगाट द्वारा अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर छोड़े जाने को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश के अभिभावक होते हैं और उनकी तरफ से ''ऐसी निष्ठुरता'' देखकर दुख होता है। राहुल गांधी का यह बयान तब आया है जब एक दिन पहले विश्व चैम्पियनशिप में कई बार की पदक विजेता विनेश फोगाट ने अपने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिए तथा दिल्ली पुलिस द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय जाने से रोके जाने के बाद दोनों पुरस्कार कर्तव्य पथ के बीच में छोड़ दिए।

## सरकार ने कनाडा में रह रहे बब्बर खालसा कार्यकर्ता लांडा को 'आतंकी' घोषित किया

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने प्रतिबंधित संगठन 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' के कनाडा में रह रहे सदस्य लखबीर



सिंह उर्फ लांडा को आतंकवाद रोधी कानून के तहत ''आतंकवादी'' घोषित किया है। अधिसूचना के अनुसार, सिंह पंजाब पुलिस की खुफिया शाखा के मुख्यालय पर मई 2022 में ग्रेनेड हमले में शामिल था। इसके अलावा वह देश में आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए सीमा पार से विस्फोटकों, हथियारों और आधुनिक हथियारों की आपूर्ति में भी शामिल है। सिंह पंजाब के तरन तारन जिले में हरिके का रहने वाला है और अभी कनाडा में एल्बर्ट के एडमोन्टन शहर में रहता है।

## आईआईटी-बीएचयू छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे

नई दिल्ली (भाषा)। आईआईटी-बीएचयू में बीटेक छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं। आरोपियों की पहचान बृज एन्क्लेव कॉलोनी सुंदरपुर के कुणाल पांडेय, जिवधीपुर बजरडीहा के आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और बजरडीहा के सक्षम पटेल के रूप में हुई है। तीनों भाजपा आईटी सेल से जुड़े हैं। पुलिस ने रविवार शाम को तीनों आरोपियों को मेडिकल कराने के बाद भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं बीएचयू में रविवार रात 9 बजे से सभी छोटे गेट बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने बताया कि 31 दिसंबर को विवि केवल मुख्य द्वार खुला रहेगा और परिसर के सभी द्वार रात 9 बजे से बंद रहेंगे। ये निर्णय सुरक्षा कारणों से लिया गया है।

## कर्नाटक: आय से अधिक संपत्ति मामले में डीके शिवकुमार को सीबीआई का नोटिस

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ आय



के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति मामले के संबंध में केरल के 'जयहिंद' चैनल को एक नोटिस जारी कर उससे कांग्रेस नेता द्वारा चैनल में किए गए निवेश की जानकारियां मांगी हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। शिवकुमार के खिलाफ मामले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी की बेंगलुरु इकाई ने 'जयहिंद कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक को 11 जनवरी 2024 को उसके समक्ष पेश होने और जांच अधिकारी द्वारा मांगे गए सभी आवश्यक दस्तावेज पेश करने को कहा है।

## इजराइल का गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध कई माह और चलेगा: बेंजामिन नेतन्याहू

गाजा पट्टी (एजेंसी)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि गाजा में हमास के खिलाफ



इजराइल का युद्ध 'अभी कई महीनों तक जारी रहेगा'। नेतन्याहू की इस घोषणा के साथ ही उन्होंने एक प्रकार से संकेत दिया कि वह युद्ध के कारण आम नागरिकों की मौत के बढ़ते आंकड़ों, खाद्य सामग्री की घोर कमी और बड़े पैमाने पर लोगों के विस्थापन के बीच युद्धविराम की अंतरराष्ट्रीय मांग को नहीं मानेंगे। इजराइली प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को निरंतर समर्थन देने के लिए उसका आभार व्यक्त किया। बाइडन ने इस माह दूसरी बार इजराइल को आपात हालात में हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी।

## ठाणे में रेव पार्टी पर रेड:100 लड़के-लड़कियां हिरासत में, बड़ी मात्रा में ड्रग्स-शराब बरामद

ठाणे (भाषा)। महाराष्ट्र के ठाणे में नए साल से एक दिन पहले पुलिस ने एक रेव पार्टी पर छापा मारा है। ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने इस पार्टी पर कार्रवाई करते हुए 100 से ज्यादा लड़के और लड़कियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शनिवार-रविवार की रात तकरीबन 2 बजे ये छापेमारी की जिसमें बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, ये रेव पार्टी मुंबई से सटे ठाणे के घोड़बंदर रोड पर वडवली बीच के पास आयोजित की गई थी। पुलिस ने बताया कि हमें देर रात रेव पार्टी की सूचना मिली थी। इसके बाद छापेमारी की गई। हिरासत में लिए ज्यादातर युवक-युवतियां नशे की हालत में डांस करते मिले थे। पार्टी ऑर्गेनाइज करने वाले तेजस अनिल कुबल (23), सुजल महादेव महाजन (19) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी निजी प्लॉट में चल रही थी।





*Terms & conditions apply. Product shown in the picture may vary from the actual product available in the market. Accessories shown in the product are not part of the standard equipment.

Down Payment 5999* | Low ROI @ 9.99%* | 100 Pe100* | No Hypothecation*

For dealer details, WhatsApp or missed call on 7230032200 or scan the QR Code

1. Connect earphones
2. Scan QR code
3. Enjoy the video

CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers BOOK NOW

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**